सतना
24 सितंबर 2024 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



ऑस्ट्रेलिया में ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल के लिए खाली कुर्सी रखकर आतिशी ने संभाला दिल्ली की सीएम का कार्यभार

- कहा- जैसे भरत ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला, मैं दिल्ली संभालूंगी
- भाजपा बोली- चापलूसी नहीं, काम करें



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार (23 सितंबर) को पदभार संभाल लिया। वह सुबह 12 बजे ष्टरूऑफिस पहुंची और औपचारिकताएं पूरी कीं। इस दौरान आतिशी ने सीएम ऑफिस में एक खाली कुर्सी छोड़ी दी और खुद दूसरी कुर्सी पर बैठीं। आतिशी ने कहा- जैसे राम के वनवास जाने के बाद भरत ने खड़ाऊं रखकर अयोध्या का सिंहासन संभाला, मैं उसी तरह दिल्ली सीएम की कुर्सी संभालूंगी। 4 महीने बाद दिल्ली के लोग केजरीवाल को फिर से इसी कुर्सी पर बैठाएंगे। तब तक ये कुर्सी इसी कमरे में रहेगी और केजरीवाल जी का इंतजार करेगी।

### कौशांबी में टीचर ने छठी के स्टूडेंट को दी ऐसी सजा, खो दी आंखों की रोशनी

**क्रूरता की पार की हद**

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी में शिक्षक की क्रूरता का मामला सामने आया है। विकास खंड मंझनपुर के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया है। दरअसल, शिक्षक ने बच्चे पर डंडा फेंक कर मारा था। इससे छात्र ने आंखों की रोशनी खो दी। दो बार ऑपरेशन के बाद जब चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए तो पीडित मां ने न्याय की गुहार के लिए सीडब्लूसी का दरवाजा खटखटाया।

### राहुल गांधी बोले-56 इंच की छाती वाले पीएम पहले जैसे नहीं

- मोदी के आत्मविश्वास में कमी आई, यह लोकसभा में साफ दिखता है

श्रीनगर (एजेंसी)। राहुल गांधी ने कहा- भाजपा वाले बांटने का काम करते हैं। जहां भी जाते हैं, एक जात को दूसरी जात से, एक धर्म को दूसरे धर्म से बांटते हैं।

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। राहुल ने



सुरनकोट में कहा- पीएम मोदी के आत्मविश्वास में कमी आई है। आज उनसे जो भी विपक्ष कराना चाहता है, वह कराता है। भाजपा भाई-भाई को लड़वाती है। जो 56 इंच की छाती वाले नरेंद्र मोदी पहले थे, अब वे वैसे नहीं हैं। लोकसभा में उनके सामने खड़ा होता हूं। मुझे साफ दिखता है कि उनका आत्मविश्वास खत्म हो गया है। वे कानून लाते हैं, हम उनके सामने खड़े हो जाते हैं, वे कानून पास नहीं कर पाते हैं।

**धरती पर मंडराते खतरों पर यूएन में बैठक**

# इंसानों की जगह लेती मशीनें समुद्र में समाती दुनिया

**मोदी-बाइडेन समेत 193 लीडर्स शामिल हुए**



न्यूयॉर्क (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) 6 सालों के भीतर 30 करोड़ लोगों की नौकरियां खा सकती है। यानी जो काम आज 30 करोड़ लोग कर रहे हैं वो 2030 तक मशीनें करने लगेंगी।

2050 तक भारत के कोलकाता समेत दुनिया के 13 बड़े शहर पूरी तरह समुद्र में समा चुके होंगे। पिछले 16 सालों में दुनिया की शांति घटी है। 2023 में दुनिया में 155 देशों में मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। दुनिया में औरतों के साथ होने वाले भेदभाव को खत्म होने में 286 साल लगेंगे।

एआई क्लाइमेट चेंज, मानवाधिकारों और ग्लोबल उन 5 मुद्दों में हैं, जिन पर प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यूएन के 193 देशों के लीडर्स की बैठक कर रहे थे। इसे समिट फॉर फ्यूचर नाम दिया गया है।

### सूरत ट्रैक साजिश केस में रेलवे का ही कर्मचारी गिरफ्तार

सूरत (एजेंसी)। गुजरात के सूरत में रेलवे ट्रैक से फिश प्लेट और 71 कीज हटाने के मामले में नया खुलासा हुआ है। जांच में पता चला कि इसकी सूचना देने वाला की-मैन ही इसका आरोपी निकला। दरअसल, की-मैन सुभाष कुमार ने कबूला कि उसने प्रमोशन पाने के लिए यह साजिश रची थी। घटना 20 सितंबर की है।

**चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा मद्रास हाई कोर्ट का निर्णय?**

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

**कहा- अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें**

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पास्को और आईटी एक्ट के तहत अपराध है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैसला सुनाया।

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई ऐसा कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट ना करना और इसकी शिकायत ना करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है।



**जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा-**

चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉएटेटिव एंड एब्यूसिव मटेरियल शब्द का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर बदलाव करे। अदालतें भी इस शब्द का इस्तेमाल न करें। हम संसद को सुझाव देते हैं कि पास्को एक्ट में बदलाव करें और इसके बाद पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। सीएसईएएम शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो। बच्चों के खिलाफ अपराध सिर्फ यौन शोषण तक ही सीमित नहीं रहते हैं। उनके वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिए ये शोषण आगे भी चलता है।

**तिरुपति लड्डू विवाद-**

# 8 पुजारियों ने पंचगव्य से शुद्ध किया तिरुपति मंदिर

- प्रसाद बनाने वाली रसोई को दूध-दही और गोमूत्र से शुद्ध किया

हैदराबाद (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ किया गया। सोमवार को सुबह 6 से 10 बजे तक चले पंचगव्य प्रोक्षण (शुद्धिकरण) में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के अधिकारी समेत 20 पुजारी शामिल हुए। अनुष्ठान में लड्डू और अन्नप्रसादम रसोई की



पंचगव्य शुद्धि की गई। आंध्र के सीएम सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 18 सितंबर को आरोप लगाया



कि राज्य में YSR कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम्) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया।

इधर, श्री ललिता पीठम, वशिष्ठाश्रम, श्रीनिवास मंगापुरम में विश्व हिंदू परिषद बैठक चल रही है। इस बैठक में मंदिरों को सरकारी कंट्रोल से आजादी दिलाने और धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर भी चर्चा की जा रही है। राज्य सरकार ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं की जांच के लिए एसआईटी बना दी है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट के

### ऑस्कर की फॉरेन फिल्म कैटेगरी में लापता लेडीज को इंट्री मिली

- 29 फिल्में रेस में थीं, अब तक 3 फिल्में नॉमिनेट हुईं थीं, किसी को अवॉर्ड नहीं

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई फिल्म 'लापता लेडीज' को 97वें ऑस्कर अवॉर्ड-2025 के फॉरेन फिल्म कैटेगरी में भारत की ओर



से ऑफिशियल एंट्री मिली है। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी इस फिल्म को किरण राव ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में रवि किशन, स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा और नितांशी गोयल ने मुख्य भूमिका निभाई है।

फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन जाह्नु बरुआ ने 23 सितंबर, सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने बताया, फॉरेन फिल्म कैटेगरी में 29 फिल्में रेस में थीं। इनमें विक्की कौशल की सैम बहादुर, रणबीर कपूर की एनिमल और कार्तिक आर्यन की चंदू चैम्पियन प्रमुख थीं।

### मधुमक्खियों के हमले में महिला और 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

रांची (एजेंसी)। झारखंड में मधुमक्खियों के हमले में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना 21 सितंबर को तुपुदान थाना क्षेत्र में हुई। मृतकों में एक महिला और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। मृतका के पति सुनील बारला ने बताया कि उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ अपने मायके गई हुई थी, तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ। महिला खूंटी जिले के कर्रा ब्लॉक की रहने वाली थी और तुपुदान थाना क्षेत्र के हरदाग गढ़ा टोली में अपने मायके गई थी।

**गडकरी बोले-**

# चौथी बार सरकार बनने की गारंटी नहीं

**लेकिन यह तय है- रामदास अठावले मंत्री बनेंगे, फिर कहा- मजाक कर रहा था**

नागपुर (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कल नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा- केंद्र में भाजपा चौथी बार सरकार बनाए इसकी कोई गारंटी नहीं है, लेकिन हमारे सहयोगी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के चीफ रामदास अठावले अगली सरकार में मंत्री जरूर बनेंगे।

गडकरी जब यह बोल रहे थे, तब अठावले भी मंच पर मौजूद थे। हालांकि गडकरी ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं केवल मजाक कर रहा था।

दरअसल, कार्यक्रम अठावले को सम्मानित करने के लिए था। गडकरी ने उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान अठावले ने अपने भाषण में कहा था कि उन्हें अब तक 3 बार केंद्र में मंत्री पद मिला है और सरकार



आने पर वह चौथी बार भी मंत्री बनेंगे। इस पर गडकरी ने कहा- अठावले मौसम वैज्ञानिक हैं।अठावले संसद में अपने मजाकिया अंदाज में बोलने के लिए चर्चा में रहते हैं।

**गडकरी बोले**

**अठावले ने दलितों के लिए अपना जीवन लगा दिया**

गडकरी ने कहा कि मैं रामदास अठावले को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। उन्हें बेहतर जीवन और स्वस्थ जीवन मिलना चाहिए। मैं आप सभी की ओर से यह प्रार्थना करता हूं। मेरा मानना ??है कि उन्होंने दलितों और पीड़ित लोगों के लिए अपना जीवन लगा दिया। अठावले बोले- जरांगे की मांगें सही

# देश में नहीं थम रहा बारिश का कहर

**बिहार में बाढ़, यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं टलीं; म.प्र. में आज से बारिश का अलर्ट**

नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 बच्चे थे। घटना सोमवार

**छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 8 की मौत**

दोपहर राजनांदगांव जिले में हुई। बिहार में गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर



और कटिहार में 12.67 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं।

बाढ़ के चलते मुंगेर विश्वविद्यालय ने परीक्षाएं स्थगित कर दी है। गंगा के अलावा कोसी, बूढ़ी गंडक, गंडक, घाघरा, पुनपुन और सोन नदी का जलस्तर पिछले 3 दिनों से खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।

मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर और जबलपुर में आज हल्की बारिश हो सकती है। यहां आज से 3 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में मानसून सीजन में अब तक 41.8 इंच बारिश हो चुकी है।

**नासा का हाई अलर्ट**


### आज रात दुनिया पर पड़ सकती है भारी, धरती पर 72 लाख किमी की रतार से आ रहें हैं दो एस्टेरॉयड



यूएस (एजेंसी)। नासा ने हाई अलर्ट जारी करते हुए बताया कि 24 सितंबर की रात दुनिया पर भारी पड़ सकती है,क्योंकि धरती पर 72 लाख किमी की रफ्तार से तबाही आ रही है। नासा ने हाल ही में चेतावनी दी है कि धरती की ओर दो एस्टेरॉयड, 2020 जीई और 2024 आरओ 11, 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहे हैं। ये एस्टेरॉयड 24 सितंबर की रात को धरती के करीब से गुज़रेंगे। हालाँकि, इनसे सीधे टकराने की संभावना नहीं है, लेकिन जब ये पास से गुजरेंगे, तो धरती पर भयंकर कंपन महसूस किया जा सकता है। इससे पहले 15 सितंबर को एस्टेरॉयड 2024 आरएन 16 ने धरती के पास से गुजरा, जिससे एक भयंकर शॉकवेव उत्पन्न हुई, जो 16 मेगाटन ऊर्जा के बराबर थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसी घटनाएं 999 वर्षों में एक बार होती हैं और इससे दुनिया भर में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# अगर आपके घर-ऑफिस में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं है तो फेफड़ों की बीमारियों के शिकार बन सकते

नईदिल्ली (एजेंसी)। फेफड़ों की बढ़ती बीमारियां चिंताजनक हैं क्योंकि इसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लंग्स कैंसर वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जो हर साल डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है अगर सभी लोग अपने जोखिमों पर ध्यान देते हुए इससे बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। शोध बताते हैं कि धूम्रपान फेफड़ों की ज्यादातर बीमारियों के लिए प्रमुख कारण है। फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 80 प्रतिशत मौतें धूम्रपान से ही संबंधित पाई जाती हैं। इसी तरह से वायु प्रदूषण, विशेषतौर पर इनडोर प्रदूषण भी इस महत्वपूर्ण अंग के लिए खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर बताते हैं, बाहरी प्रदूषण की तरह खराब इनडोर वायु गुणवत्ता भी फेफड़ों की गंभीर समस्याओं, अस्थमा-ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आपके घर-ऑफिस में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं है तो ये फेफड़ों के लिए नुकसानदायक स्थिति हो सकती है। ऑफिस में बैठे-बैठे भी आप फेफड़ों के रोग के शिकार हो सकते हैं।फेफड़ों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम को लेकर हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड लंग्स डे यानी विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। आइए इनडोर प्रदूषण और इसके कारण होने वाली दिक्कतों को समझते हैं।



### वेंटिलेशन की कमी खतरनाक

ज्यादातर ऑफिस कांच के शीशों और एयर कंडीशन से पैक होते हैं, लिहाजा इमारतों में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था का अभाव हो सकता है। इसकी वजह से बंद कमरों में ताजी हवा नहीं आ पाती और न ही अंदर की हवा बाहर जा पाती है। इस तरह की स्थितियों में न सिर्फ श्वसन संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है, साथ ही इससे दीर्घकालिक तौर पर फेफड़ों को भी क्षति पहुंच सकती है। चूंकि अधिकतर लोग अपने दिन का ज्यादातर समय ऑफिस में ही बिताते हैं, ऐसे में इनमें फेफड़ों की समस्याओं का जोखिम और अधिक हो सकता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ अमित प्रकाश बताते हैं, खराब या लो-वेंटिलेशन वाली जगहों पर हवा में 100 गुना अधिक सूक्ष्म कण हो सकते हैं। इनडोर वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों में संक्रमण जैसे निमोनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा ये शरीर पर तत्काल प्रभाव भी पैदा कर सकते हैं जैसे कि आंखों, नाक और गले में जलन, सिरदर्द, चक्कर आना आदि। अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याओं से परेशान रोगियों में इनडोर प्रदूषण लक्षणों को और भी खराब कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस वर्ष 4 लाख 50 हजार विद्यार्थियों को मिलेंगी निःशुल्क साइकिल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष 2024-25 में निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना में 4 लाख 50 हजार शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान करेगा। इस संबंध में विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। योजना में कक्षा-6 एवं 9 में प्रथम प्रवेश पर पात्र विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा के लिये निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। योजना में पिछले वर्ष 4 लाख 7 हजार विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई थीं। योजना में उन छात्राओं को भी लाभ दिया जायेगा, जिनके छात्रावास और शासकीय स्कूल के बीच की दूरी 2 किलोमीटर या इससे ज्यादा हो। विभागीय अधिकारियों को साइकिल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे जाने के लिये कहा गया है।

### म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत कार्यालय भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवक और युवतियों को अगरवत्ती निर्माण, मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, कम्प्यूटर एकाउन्ट विथ टैली, ब्यूटी पार्लर, रेफ्रिजरेटर एवं एयर कण्डीशनर रिपेरिगं, टु थी फोर व्हीलर रिपेयरिंग, ट्रेक्टर रिपेयरिगं, फूड प्रोसेसिंग अचार, मुरब्बा, मशाले इत्यादि बैकरी, प्लम्बर, राजमिस्त्री, वुड कारपेन्टर, फूड गुडस्, दोना पत्तल, इलेक्ट्रीशन, घरेलू उपकरण मरम्मत, मोटर वाइरिंग, सोलर पैनल इन्टालेशन / रिपेयरिगं, बेसिक सिलाई गारमेन्टस्, फैशन डिजाइनिंग, वीडियोग्राफी, मोबाइल रिपेयरिंग, कंतिम आभूषण निर्माण, कत्तिन बुनकर व्यवसायों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाए जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। प्रशिक्षण के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र 29 सितंबर तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे जिसकी एक हार्ड कॉपी बोर्ड कार्यालय, भोपाल से सम्पर्क किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ने रितु सेठियार के सपनों को दिए पंख

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अपने सिर पर एक पक्की छत होना हर व्यक्ति का सपना होता है, खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। ऐसा ही एक सपना था भोपाल जिले के सूखी सेवनिया की निवासी-श्रीमती रितु सेठियार का, जो बरसों से एक पक्के घर का सपना देख रही थीं। उनके परिवार के लिए बारिश के मौसम में कच्चे घर में रहना हमेशा एक चुनौती रहा। छत से पानी टपकता, दीवारें भीगतीं और जहरीले जीवों का खतरा हर वक्त बना रहता था। इन समस्याओं ने उन्हें अक्सर चिंता और असुरक्षा के घेरे में रखा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में एक नई रोशनी की किरण लेकर आई। जब रितु को इस योजना के तहत पक्के मकान की स्वीकृति मिली, तो यह उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। कुछ ही महीनों के भीतर उनका नया घर बनकर तैयार हो गया। अब वह और उनका परिवार बिना किसी डर और चिंता के सुरक्षित और स्थायी घर में रह रहे हैं। रितु कहती हैं अब हमारे पास एक पक्का घर है, जहां हम बारिश और जहरीले जीवों की चिंता किए बिना आराम से रह सकते हैं। मुझे गर्व है कि मैं अब अपने परिवार को एक सुरक्षित वातावरण दे पा रही हूँ। श्रीमती रितु सेठियार न केवल प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हुई हैं, बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रूपए की आर्थिक सहायता भी मिल रही है, जिससे उनके घर की अन्य ज़रूरतें पूरी हो रही हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत उन्हें 450 रुपये में गैस कनेक्शन भी मिला, जिससे उनके घर का चूल्हा अब सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से जलता है। श्रीमती रितु सेठियार अपने सपनों के साकार होने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को देती हैं। वह कहती हैं, यह योजनाएं न केवल मेरे परिवार की ज़रूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि हमारे जीवन को बेहतर और सुरक्षित बना रही हैं। इसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

### इस वर्ष 4 लाख 50 हजार विद्यार्थियों को मिलेंगी निःशुल्क साइकिल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष 2024-25 में निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना में 4 लाख 50 हजार शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान करेगा। इस संबंध में विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। योजना में कक्षा-6 एवं 9 में प्रथम प्रवेश पर पात्र विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा के लिये निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। योजना में पिछले वर्ष 4 लाख 7 हजार विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई थीं। योजना में उन छात्राओं को भी लाभ दिया जायेगा, जिनके छात्रावास और शासकीय स्कूल के बीच की दूरी 2 किलोमीटर या इससे ज्यादा हो। विभागीय अधिकारियों को साइकिल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे जाने के लिये कहा गया है।

# परंपरागत पैथी सर्वश्रेष्ठ है, इसके दस्तावेजीकरण की आवश्यकत-आयुष मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने रविवार को भोपाल स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के आवृत्ति भवन में वाचिक परंपरा में प्रचलित हर्बल उपचार प्रणालियाँ- संरक्षण, संवर्धन और कार्य योजना विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्री-लोकमंथन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में सम्मिलित होकर पारंपरिक एवं प्राकृतिक उपचार पद्धतियों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। मंत्री श्री परमार ने कहा कि आज के परिदृश्य में परंपरागत औषधियों को एक नयी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जनजातीय वैद्यों के द्वारा स्वदेशी उपचार पद्धतियों के प्रत्यक्ष प्रमाण होने के बावजूद भी स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वसनीयता स्थापित करने की आवश्यकता है। श्री परमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश का व्यक्ति भी पौधों एवं वृक्षों के आवश्यक एवं महत्वपूर्ण गुणों की जानकारी रखता है और प्रत्यक्ष प्रमाण होने के बावजूद भी उसे मान्यता नहीं मिल पाती है। आयुष मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह



परंपरागत ज्ञान जो पीढ़ियों से सतत् चला रहा है, उसका पालन हम वर्तमान में भी कर रहे हैं। श्री परमार ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने शोध कर के परंपरागत विधाओं को स्थापित किया है, लेकिन आज उस समय का वैज्ञानिकता आधारित दृष्टिकोण विलुप्त हो गया है, जिसे पुनर्शोध एवं अनुसंधान की आवश्यकता है। श्री परमार ने कहा कि देश की परम्पराओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अभी भी विद्यमान है। परंपरागत पैथी सर्वश्रेष्ठ है। आज लोग आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर निर्भर हो गए हैं, जबकि परंपरागत पैथी की अपनी महत्ता है। श्री परमार ने परंपरागत पैथी के दस्तावेजीकरण करने की बात कही।

श्री परमार ने भारतीय परंपरागत ज्ञान को पूंजी बताते हुए कहा कि यह भारत के समाज में रचा बसा है। श्री परमार ने कहा कि जनजातीय वैद्यों एवं उनकी औषधियों को मान्यता देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मंत्री श्री परमार ने देश भर से आए सभी पारंपरिक चिकित्सकों एवं वैद्यों के स्टॉल का अवलोकन कर उनसे औषधियों के बारे मे जानकारी भी प्राप्त की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रज्ञा प्रवाह के सदस्य श्री प्रफुल्ल केलकर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में आयुष्मान भारत एवं वन हेल्थ मिशन द्वारा स्वास्थ्य के ऊपर ध्यान दिया जा रहा है, यह एक नया कदम है।

संग्रहालय के निदेशक डॉ अमिताभ पांडे ने कहा कि जनजाति समुदाय जंगल को ही अपना जीवन मानते हैं। विकासशील देशो में जहाँ एक तिहाई जनसंख्या की आवश्यक औषधियों तक पहुँच नहीं है, वहां एक वैकल्पिक उपाय के रूप में यह सुरक्षित, प्रभावशाली पारंपरिक औषधियां स्वास्थ्य देख भाल को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बन सकता है।

## उप मुख्यमंत्री ने किया आयुष्मान पखवाड़े का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत मूलभूत कड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए समस्त नागरिकों के समग्र विकास के लिए कार्य किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कुशलता, रोजगार-स्वरोजगार के अवसर सभी क्षेत्रों में जन-हितकारी योजनाओं के माध्यम से सभी नागरिकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सिविल अस्पताल डॉ. कैलाशनाथ काटजू भोपाल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग नागरिकों




को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया है।

उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक की प्रधानमंत्री श्री मोदी चिंता करते हैं। बुजुर्ग नागरिकों ने देश के निर्माण में सहभागिता की है, उनके योगदान का सम्मान किया गया है। अब बुजुर्ग नागरिकों के इलाज का खर्चा सरकार वहन करेगी।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मध्यप्रदेश के 1 करोड़ 8 लाख पात्र परिवारों के 4 करोड़ 70 लाख नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। हाल ही में, मध्य प्रदेश ने 4 करोड़ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पात्र परिवारों में 99.81 प्रतिशत का कम से कम एक आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों जैसे बैगा, भारिया और सहरिया नागरिकों के आयुष्मान कार्ड मिशन मोड में बनाए जा रहे हैं।

## सफलता की कहानी स्व-सहायता समूह ने बदली रीना अहिरवार की तकदीर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एक समय था जब भोपाल ग्राम पंचायत मजीदगढ़ बैरसिया निवासी - श्रीमती रीना अहिरवार का परिवार पूरी तरह से उनके पति की मजदूरी पर निर्भर था। पति की मासिक कमाई महज 4 से 4.5 हजार रुपये के बीच होती थी, जिससे घर का गुज़ारा मुश्किल से होता था। जीवन में आर्थिक चुनौतियाँ और सीमित संसाधनों के कारण परिवार की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा था। लेकिन रीना की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया जब वह 'मां दुर्गा आजीविका स्व-सहायता समूह' से जुड़ीं। श्रीमती रीना बताती हैं कि आजीविका मिशन और सीआरपी टीम द्वारा उन्हें स्व-सहायता समूह की जानकारी दी गई। समूह से जुड़ने के बाद रीना ने पहला बैंक ऋण 1 लाख रुपये का लिया, और उसी राशि से उन्होंने एलईडी बल्ब बनाने का कार्य शुरू किया।

इस छोटे से व्यवसाय ने उनके जीवन को नई दिशा दी। अब रीना की मासिक आय 10,000 रुपये तक पहुँच गई है, जिससे सालाना एक लाख बीस हजार रुपये की आमदनी होती है। इस आर्थिक उन्नति से उनका परिवार न केवल खुशहाल हुआ, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आया। श्रीमती रीना गर्व के साथ बताती हैं समूह से जुड़ने के बाद मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। अब मैं समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ आत्मविश्वास से जुड़ती हूँ। पहले जहाँ मैं बातचीत में झिझक महसूस करती थी, आज मैं दूसरों को समझाने और प्रेरित करने का काम करती हूँ। गांव के लोग अब मुझे 'समूह की दीदी' और 'एलईडी बल्ब वाली दीदी' के नाम से पुकारते हैं। इससे मुझे आत्म सम्मान और पहचान मिली है। समूह में 12 सदस्य हैं और रीना बताती हैं कि समूह चलाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आई।

## सेनेटरी पैड का उपयोग अनेक बीमारियों से सुरक्षा देता है, पैड के उपयोग की आदत डाले-राज्य मंत्री श्रीमती गौर




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सेनेटरी पैड का उपयोग अनेक बीमारियों से सुरक्षा देता है। सभी महिलाओं को पैड का उपयोग करना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए महिलाएँ सेनेटरी पैड के उपयोग की आदत डालें। उक्त आशय के विचार पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने स्वस्थ नारी-स्वस्थ समाज कार्यक्रम के तहत गोविन्दपुरा इन्डस्ट्री क्षेत्र में आयोजित निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जो बहनें सेनेटरी पैड का उपयोग नहीं कर रही, वह उपयोग करना शुरू करें और पैड के हमेशा उपयोग करने की आदत बनाएं। उन्होंने कहा कि पैड महिलाओं की आदत में आए, इसलिए तीन माह के उपयोग के मान से निःशुल्क पैड वितरित किए जा रहे हैं। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-औषधि केन्द्र से नाम मात्र की कीमत एक रुपया प्रति पैड पर पैड खरीद सकती हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है। पैड का उपयोग निरोगी काया देता है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि हर महिला चाहती है कि उसके बच्चे पढ़-लिखकर अच्छे नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार देकर संस्कारवान नागरिक बनाना हमारी जिम्मेदारी है। परिवार में बुजुर्गो का भी सम्मान करें। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के संस्कार बच्चों को दें। रामायण के प्रसंगों से राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने अच्छे संस्कारों की महत्ता को समझाया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि ईश्वर ने महिलाओं को शक्ति दी है। उन्हें अन्याय और शोषण के विरुद्ध शक्ति का उपयोग करना चाहिए।

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र बनाने की कार्यवाही की जाएगी- मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास,श्रम एवं प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल आज भिण्ड जिले के विकास खण्ड लहार के ग्राम विजपुर, विकास खण्ड मेहगांव के ग्राम कछपुरा, ग्राम गुदावली एवं गोहद विकास खण्ड के मौ में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री पटेल के साथ विभिन्न बाढ़ पीड़ित ग्रामों में नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे। उन्होंने गांव के लिए क्षतिग्रस्त रोड का बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास के संबंध में कहा कि जिन लोगों को मकान आवंटित किये गये है उनकी सूची का परीक्षण किया जाए और पात्र व्यक्तियों के यदि योजना के लिए नाम छूट गए है तो नियमानुसार उनके नाम जोड़े जाएं । उन्होंने कहा कि गांव में बाढ़ के कारण सड़कें, मकान, स्कूल की बाउण्ड्री वाल क्षतिग्रस्त हुई है उसे तत्काल बनाया जायेगा। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। ग्राम विजपुर में क्षेत्रीय विधायक श्री अम्बरीश शर्मा के द्वारा रखी गई सभी मांगो का प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने सहमत होते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया। मंत्री श्री पटेल ने ग्राम मौ, गुदावली एवं कछपुरा में अतिवृष्टि से पीड़ित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वास दिया।

## सरकारी स्कूलों में बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिये जन-भागीदारी से हों प्रयास

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने निर्देश दिये हैं कि सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली में शत-प्रतिशत बच्चों का प्रवेश हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाएँ जैसे निःशुल्क गणवेश, पाठ्य-पुस्तकें और मध्यान्ह भोजन की जानकारी शिक्षकों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सचिव और रोजगार सहायक के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के घर-घर तक पहुँचाने के लिये भी कहा। स्कूल शिक्षा मंत्री शनिवार को नरसिंहपुर में जिला अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में गाडरवारा क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की प्रगति की भी



समीक्षा की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री ने सरकारी स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण की प्रक्रिया को सतत रूप से किये जाने के लिये भी कहा। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक स्कूलों में अनुपस्थित पाये जाते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। मंत्री श्री सिंह ने जिले में किसान उपभोक्ताओं के बढ़े हुए बिजली बिल मिलने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने ऐसे किसानों की सुनवाई के लिये विशेष व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने गाडरवारा क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर्स शीघ्र बदले जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में किसानों को कृषि पम्पों के हॉर्स-पॉवर बढ़ाकर बिल दिये जाने की शिकायतें मिल रही हैं।

उन्होंने इसके लिये दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने के लिये भी कहा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने गाडरवारा क्षेत्र में जल-जीवन मिशन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जो कार्य नियत समय में शुरू नहीं हो पाये हैं, उन ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाये। इसके बावजूद भी सुधार नहीं होने पर कम्पनी को ब्लेक-लिस्टेड किया जाये। जिन नल-जल योजनाओं का कार्य पूरा हो गया है, उन्हें संबंधित ग्राम पंचायतों को हेण्ड-ओवर किया जाये। बैठक में पीआईयू एजेंसी के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा।

## सिर्फ महिलाओं द्वारा संचालित प्रथम हैंडलूम कैफे का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अशोकनगर जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चंदेरी से 4 किलोमीटर दूर स्थित प्राणपुर को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा देश के पहले क्राफ्ट हैंडलूम टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित किया गया है। अब यहां पर्यटकों के लिये 'हैंडलूम कैफे' तैयार किया गया है। कैफे की खास बात यह है कि इसे पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो म.प्र. में इस तरह का पहला कैफे होगा।

टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने प्राणपुर में %हैंडलूम कैफ़े% की व्यवस्थाएं देखीं और महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं देकर मनोबल बढ़ाया। अपर प्रबंध संचालक सुश्री मुखर्जी ने कहा कि यह




कैफे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कैफे पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाया जाएगा, जिसमें सुरक्षा गार्ड, शेफ, रिसेप्शनिस्ट, कैशियर, फ्रंट ऑफिस मैनेजर सहित समस्त कार्मिक एवं प्रबंधकीय पद महिलाओं द्वारा संभाले जाएंगे। कैफे के सफल संचालन के लिए सभी महिलाओं को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) भोपाल में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। महिलाओं के समूह को सखी सहेली लोक कल्याण संघ के रूप में पंजीकृत किया गया है। अपर प्रबंध संचालक सुश्री मुखर्जी ने बताया कि, यह परियोजना इन महिलाओं को न केवल रोजगार पाने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए आवश्यक कौशल, आत्मविश्वास और वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करेगी। साथ ही यह प्रयास महिला पर्यटकों के लिये सुरक्षित व समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के राज्य के व्यापक मिशन को दर्शाता है।

## समय सीमा बैठक सम्पन्न

# जनमन संध्या कार्यक्रमों का आयोजन कर बैगा हितग्राहियों को लाभान्वित करें : कलेक्टर





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पीएम जनमन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बैगा जनजाति के हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी ग्रामों में जनमन संध्या कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संध्या कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें। जनमन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा योजनाओं के हितलाभ से वंचित प्रत्येक बैगा परिवार को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड के संबंध में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी एक सप्ताह में शेष बचे बैगा हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सोमवंशी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनजातीय बहुल गांवों और आकांजिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। उक्त अभियान के तहत सीधी जिले के 134 जनजातीय बहुल गांव लाभान्वित होंगे। विकासखंड कुसमी के 37, मझौली के 24, सिहावल के 14, सीधी के 48 तथा रामपुर नैकिन के 11 गांव लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना और पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) की सीख और सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना है। इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 17 मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को संबंधित विभागों से समन्वय कर लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए हैं।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिकायतों को प्राथमिकता पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर समय-सीमा बाह्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर विलोपित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री महोदय के कार्यालय से प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही पूर्ण कर निर्धारित समयावधि में अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को शासन के प्रमुख कार्यक्रमों की उपखण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा उक्त अभियानों के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने शासकीय विभागों से संबंधित जमीन आवंटन के समस्त प्रकरणों में तीन दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मझौली में चिकित्सालय के नवीन भवन के निर्माण में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए सीईओ जिला पंचायत के नेतृत्व में दल का गठन कर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में आयोजित शिविरों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने 30 सितंबर 2024 की स्थिति में जिले के शतप्रतिशत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने तथा जिले का कोई भी दिव्यांग व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसका प्रमाणपत्र नहीं बना है, इस आशय का प्रमाण-पत्र संबंधित पंचायतों से लेने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड में भिड़ी दो लड़कियां

### बीच सड़क पर करने लगीं हाथापाई, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड पर बीती रात दो युवतियों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि वह हाथापाई पर उतारू हो गईं। वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो अब तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो रविवार रात शहडोल बस स्टैंड का बताया जा रहा है।

दोनों लड़कियों की लड़ाई देखने बस स्टैंड में यात्रियों के साथ-साथ बस कर्मचारियों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तभी एक व्यक्ति ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस जब तक पहुंचती तब तक दोनों लड़कियां वहां से निकल चुकी थीं। दोनों लड़कियां आपस में दोस्त हैं और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि वह गाली गलौज के साथ-साथ हाथापाई में उतारू हो गई, यह ड्रामा देखने के लिए सड़क पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। वीडियो में एक लड़की अपने आप को रेस्टोरेंट का कर्मचारी बता रही है।

**मौके पर नहीं मिला कोई:** कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की कोई शिकायत थाने नहीं पहुंची है। घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस की डायल हंड्रेड को दी। डायल हंड्रेड जब मौके पर पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला।

## जिले में थमा बारिश दौर, निकल रही तेज धूप

### बढ़ रहे तापमान से पड़ रही उमस भरी गर्मी

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** जिले में बीते चार दिन बारिश दौर थम गया है। अब तेज धूप निकलने से जिले का तापमान बढ़ने लगा है। जिससे उमस भरी गर्मी पड़ रही है।दोपहर के साथ तो भीषण गर्मी से लोग परेशान होते नजर आते हैं। वहीं अगर जिले के तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 26 दर्ज किया गया है।

**जिले में औसतन बारिश 1176.4 के मुकाबले हुई 1055.6 मिमी:** पन्ना जिले में इस वर्ष अब तक कुल 1055.6 मिमी औसत बारिश दर्ज की जा चुकी है। जबकि जिले को औसतन बारिश 1176.4 मिमी है। वहीं 18-19 सितम्बर से बारिश का दौर थम गया है। चार दिन से जिले में बिल्कुल बारिश नहीं हुई है। यही वजह है कि अब गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है। दोपहर के समय तो लोग परेशान होते नजर आते हैं। स्कूली छात्र अपने चेहरे को धूप से बचाते नजर आते हैं।

**जिले में बारिश का आंकड़ा:** एक जून से 18 सितम्बर तक पन्ना जिले के पवई क्षेत्र में सबसे अधिक 1460 मिमी, जबकि सिमरिया में 1213.1मिमी, रैंपुरा में 1162.4 मिमी, अमानगंज में 1166.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## घर में सो रहे वृद्ध की हत्या, सीधी के महुआर गांव में खाट पर खून से लथपथ मिला शव



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में रविवार रात को अपने घर के बाहर सो रहे एक 80 साल के वृद्ध का शव खाट पर खून से लथपथ मिला है। परिजनों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला अमिलिया थाना क्षेत्र के ग्राम महुआर के रामनगर की केवट बस्ती का हैं। जहां 80 साल के वृद्ध काशी प्रसाद केवट रविवार रात को अपने घर के बाहर बने पोर्च की नीचे सो रहे थे। इसके बाद परिजनों देर रात उनकी खून से सनी लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। काशी प्रसाद के नाती विकास केवट ने बताया कि रविवार रात को हमेशा की तरह वह छत पर सो रहा था। इस दौरान जब पानी पीने के लिए छत से नीचे उतरा तो नाना के बिस्तर के नीचे खून दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो उनके गले पर धारदार हथियार से वार का निशान दिखाई दिया और उनकी मौत हो चुकी थी।

परिजनों ने बताया कि काशी प्रसाद की दो शादी हुई थी, जिसमें पहले वाली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। जिसका एक बेटा और चार बेटियां है, दूसरी पत्नी से 8 बच्चे हैं। सूचना के बाद मौके पर थाना प्रभारी अमिलिया राजेश पांडे और उनकी टीम पहुंच गई है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया जा रहा है।

## पति ने पत्नी पर पेट्रोल डाल कर लगाई आग

### जान बचाने महिला तालाब में कूदी, गंभीर हालत में छत्तीसगढ़ रेफर



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में फुलवारी गांव में घरेलू बात को लेकर पति पत्नी का विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि नाराज पति ने पत्नी पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया।

पत्नी ने आग लगने के बाद घर के सामने स्थित तालाब में कूद कर अपना बचाव किया। तभी स्थानीय लोगों ने इस घटना को देख मौके पर दौड़े और तालाब से अधजली महिला को बाहर निकल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया है। यह घटना रविवार की बताई जा रही है।

**पति ने पत्नी को आग के हवाले किया:** जैतपुर पुलिस ने बताया कि मोना सिंह (35) पति नोहर सिंह फुलवारी गांव में रहते हैं। पति-पत्नी का विवाद घरेलू बात को लेकर हुआ था। तभी पति नोहर ने अपनी पत्नी पर घर के अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला ने अपने बचाव के लिए चीखा-चिल्लाया। लेकिन आसपास कोई घर मौजूद न होने की वजह से उसे बचाने कोई भी आगे नहीं आ सका।

आग लगने के बाद महिला ने अपने बचाव के लिए घर से दौड़ी लगा दी। घर के सामने स्थित एक तालाब में कूद गई। घटना रविवार दोपहर 3 बजे की है। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने आग जलती हुई महिला को तालाब में कूदता देख तालाब की तरफ दौड़ लगा दी।

**महिला गंभीर हालत में छत्तीसगढ़ रेफर:** तालाब से जली हुई महिला को बाहर निकला और नजदीकी अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया है। महिला बुरी तरीके से झुलस गई थी। जिसकी वजह से डॉक्टर ने उसे शहडोल से छत्तीसगढ़ रेफर कर दिया है। अब महिला जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है।

थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड ने बताया कि इस मामले में महिला के मायके पक्ष ने पुलिस से शिकायत की है और अस्पताल से एक तहरीर भी थाने आई है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला की हालत गंभीर है। जिसका छत्तीसगढ़ के भिलाई में इलाज चल रहा है।


**राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट**
**मो.0 9179447108**
**कार्यालय:- ओपन चेम्बर सीढी के नीचे जिला एंव सत्र न्यायालय रीवा जिला रीवा म.प्र.**
**मो.नं. 9827681207**

**नोटिस रजिस्टर्ड ए.डी.**

नोटिस अजतरफ प्रो. सागर ट्रेडर्स शिवसागर पाण्डेय तनय श्री विश्वम्भर पाण्डेय, वार्ड कमांक 05 ढेकहा, थाना सिविल लाइन तहसील हुजूर, जिला रीवा म.प्र. द्वारा अधिवक्ता राजेन्द्र शर्मा एड. जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा म.प्र.

**---नोटिसदाता/प्रथमपक्ष**

**बनाम**

परिहार ट्रेडर्स प्रो. सत्येन्द्र सिंह परिहार तनय श्री रामानुज सिंह, निवासी ग्राम पोस्ट रायपुर कर्चु., थाना रायपुर कर्चु. जिला रीवा म.प्र.

**---नोटिसग्रहीता/द्वित्तीयपक्ष**

**म्यादि 15 दिवस**

मेरे पक्षकार / प्रथमपक्ष ने मामले से संबंधित समस्त दस्तावेजों को दिखलाकर एवं वाक्यात तथ्यों से अवगत कराते हुये मुझे यह विधिक नोटिस आप नोटिस ग्रहीता/द्वितीयपक्ष के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के पूर्व देने हेतु अधिकृत किया है तदानुसार यह बिन्दुवार विधिक नोटिस प्रेषित की जा रही है :-

1- यह कि मेरा पक्षकार/प्रथमक्ष व आप द्वितीयपक्ष व्यापार करते है इस कारण दोनो के मध्य जान पहचान व दोस्ताना संबंध है।

2- यह कि आप द्वितीयपक्ष को आवश्यक कार्य से रू. की आवश्यकता होने से आप द्वारा मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष से 1,00,000/- रू. (एक लाख रू.) बतौर कर्ज की मांग की गई। द्वितीयपक्ष के विशेष आग्रह व आपस में जान पहचान व दोस्ताना संबंध होने से मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष द्वारा आप द्वितीयपक्ष को 1,00,000/-रू दिनाक 18.03.2024 को दिया गया जिसे आप द्वारा प्राप्त किया गया व तीन महीने के अंदर वापस किये जाने का बचन दिया गया।

3- यह कि आप द्वितीयपक्ष द्वारा बतौर कर्ज अदायगी हेतु मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष को दिनांक 03.06.2024 को एक नग चेक कमांक 042348 आई. डी.बी.आई. बैंक शाखा न्यू गल्ला मण्डी करहिया रीवा जो मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष के स्वत्व के फर्म सागर ट्रेडर्स के नाम से दिया गया जिसके भुगतान हेतु प्रथमपक्ष द्वारा अपने बैंक खाता यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा ट्रान्सपोर्ट नगर रीवा में दिनांक 27.08.2024 को जमा किया गया जो अनादृरित होकर दिनांक 28.08.2024 को वापस प्राप्त हुआ।

4- यह कि मेरे पक्षकार/प्रथमपक्ष द्वारा आप द्वितीयपक्ष से व्यक्तिगत् मुलाकात कर उक्त चेक अनादृरित होने की जानाकरी दी गई तत्पश्चात आप द्वितीयपक्ष द्वारा मौखिक आश्वासन दिया गया कि तीन दिन के अंदर नगद राशि एक लाख रू. अदा कर उक्त चेक वापस प्राप्त कर लेगा। किन्तु आज दिनांक तक उक्त राशि द्वितीयपक्ष द्वारा वापस नही की गई।

5 यह कि आप द्वितीयपक्ष द्वारा जारी चेक आपके खाते में पर्याप्त निधि राशि नहीं होने से अनादृरित हो गया जबकि आपको यह भली भाँति मालूम था कि आपके खाते में पर्याप्त राशि नहीं है, उसके बाद भी जानबूझकर चेक जारी करना व उसका अनादृरित होना परकाम्य लिखित अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता हैं

अतः आप द्वितीयपक्ष नोटिसग्रहीता को इस विधिक सूचना के माध्यम से आगाह किया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर उक्त चेक में वर्णित राशि एक लाख रू. मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष को अदा करे अन्यथा मेरा पक्षकार आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद सस्थित करेगा जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे की जबावदारी आप द्वितीयपक्ष की होगी।

यह कि नोटिस साफ-साफ टाईप है, जहाँ कही पर कांट छांट है वहाँ पर मेरे सूक्ष्म हस्ताक्षर बने हुए है नोटिस की एक प्रति मेरे कार्यालय में सुरक्षित रख ली गई है नोटिस की फीस 1,000/- रू. मैने अपने पक्षकार प्रथमपक्ष से प्राप्त कर ली है जिसमें भी अदायगी की जिम्मेदारी आप द्वितीयपक्ष की होगी।

नोटिसदाता/प्रथमपक्ष
प्रो. सागर ट्रेडर्स शिवसागर पाण्डेय तनय श्री विश्वम्भर पाण्डेय, वार्ड कमांक 05 ढेकहा, थाना सिविल लाइन तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र.
द्वारा अधिवक्ता
**राजेन्द्र शर्मा एड.**
जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा (म.प्र.)


# मेडिकल दुकानों के जांच के निर्देश

### कलेक्टर ने कहा- अवैध दवाइयों की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर कलेक्टर ने सोमवार को टीएल बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मेडिकल दुकान में किसी प्रकार की अवैध दवा पाई जाती है, तो उन दुकानों पर कार्रवाई करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में नियमित रूप से खाद्य पदार्थों और ड्रग इंस्पेक्टर से मेडिकल दुकानों की जांच कराई जाए।

जांच के दौरान दुकानों और मेडिकल में खाद्य पदार्थों में मिलावट या मेडिकल दुकान में किसी प्रकार की अवैध दवा पाई जाती है, तो कार्रवाई की जाए। जिले में मिलावटी सामग्री एवं अवैध दवाइयों की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ मेडिकल दुकानों में गर्भनिरोधक गोलियां बेची जा रही हैं। इनके पास दवाई बेचने का लाइसेंस भी नहीं है। ड्रग इंस्पेक्टर भी जिले में कभी-कभी ही जांच करने के लिए आते हैं। जांच के समय अधिकांश मेडिकल दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर देते हैं।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी अधिकारी जनहित एवं विकास कार्यों को गंभीरता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें।

कोई भी प्रकरण नॉट अटेंडेंट न रहे। न ही अधिकारी ऑपरेटर के भरोसे रहे। स्वयं अधिकारी संबंधित शिकायतकर्ता से बात करके उनके समस्याओं को सुने और शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नागरिकों द्वारा की जा रही सहभागिता

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत जिले के सभी जनपद क्षेत्रों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों में युवाओं, महिलाओं तथा नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों द्वारा उत्साह के साथ सहभागिता निभाई जा रही है।

2 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" की थीम पर विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। स्वच्छता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने को साकार बनाने में योगदान की अपील की जा रही है।

## 16 साल की लड़की को सांप ने काटा

### झाड़-फूंक के 11 घंटे बाद लड़की की आंखों के सामने छाया अंधेरा, हालत गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के गढ़ीमलहरा क्षेत्र के एक गांव में 16 साल की लड़की को सोते समय जहरीले सांप ने काट लिया। परिवार के लोगों उसे झाड़-फूंक के लिए पास के गांव ले गए और झाड़-फूंक करवा कर वापस घर ले आए।

11 घंटे बाद सोमवार की सुबह लड़की को आंखों से दिखाई देना बंद हो गया। ऐसे में परिजनों ने इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभी उसकी हालत गंभीर है।

सोनम (16) गौरारी गांव की रहने वाली है। रविवार की रात खाना खाने के बाद वह सोने चली गई थी, इसी दौरान रात 9 बजे घर उसे जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने से उसकी हालत बिगड़ने लगी जिसे परिजन देखते हुए उसे पास के गांव सिमर्धा में रात 10 बजे लेकर पहुंचे। परिजन वहां लड़की की झाड़-फूंक कराने के बाद वापस घर लेकर आ गए।

दादा भगवत दयाल ने बताया कि रात में बच्ची खाना खाकर लेट गई थी तभी उसे सांप ने काट लिया। झाड़-फूंक करने पर सोनम ठीक हो गई थी लेकिन दूसरे दिन सुबह उसको दिखना बंद हो गया था। डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इलाज में देरी होने से उसकी हालत गंभीर है।

# गणित एवं अंग्रेजी विषय का आयोजित हुआ प्रशिक्षण

### कक्षा 9वीं में बेसिक और स्टैण्डर्ड गणित की होगी पढ़ाई



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** इस वर्ष बेस्ट फाईव पद्धति समाप्त हो गई है अतः अब विद्यार्थियों को सभी विषयों में पास होना आवश्यक होगा। विगत वर्षो का अनुभव रहा है कि अधिकांश विद्यार्थी गणित एवं अंग्रेजी में पास नहीं हो पाते हैं तथा परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है। अतः शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की दृष्टि से जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अंग्रेजी तथा गणित विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में 22 सितम्बर को आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण आगामी 5 माह तक एक दिवसीय आयोजित किया जाना है।

गणित विषय को सरल तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने कुछ बदलाव किए है जिसमें विषय के प्रति विद्यार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न होगी और वह डरेंगे भी नहीं। इस बार कक्षा 9 की परीक्षा में बेसिक और स्टैंडर्ड गणित के अलग - अलग प्रश्न पूछे जाएंगे।

डॉ सुजीत कुमार मिश्र एपीसी रमसा द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि दोनों विषय में सभी हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल से एक-एक शिक्षक उपस्थित हुये। शम्भूनाथ त्रिपाठी प्राचार्य जिला उत्कृष्ट विद्यालय के नेतृत्व में गणित विषय में सुशील कुमार निगम प्राचार्य शा.हाईस्कूल चोरबा और अंग्रेजी विषय में डॉ संजीव कुमार त्रिपाठी प्राचार्य शा.हाईस्कूल करमाई विषय के मुख्य प्रशिक्षक रहे। दोनों विषयों में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा इकाई वार बारीकियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जे.डी. कार्यालय रीवा के उप संचालक टी.पी. सिंह द्वारा भी शिक्षकों से गुणात्मक शिक्षा पर जोर देने हेतु प्रेरित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर विशेष कक्षायें संचालित करने के सुझाव एवं निर्देश दिये गये। प्रवीण कुमार शुक्ला ए.डी.पी.सी. द्वारा शिक्षकों को मोटीवेट किया गया। विजय सिंह चौहान उच्च माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय सीधी द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना //**

क्रमांक-231/ई-टेंडर/स्वास्थ्य शाखा/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 02.08.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रर्यकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD _361704_1 | (RATE CONTRACT) SUPPLY AND FLXING OF TRAFFIC SING BOARD AT MUNICIPAL CORPORATION AREA. | 8.60 | 8600/- 2000/- | 04/10 /2024 17:30 बजें तक। |

**नोटः** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**स्वास्थ्य अधिकारी/ वाहन प्रभारी**
**नगर पालिक निगम**
**रीवा ( म.प्र. )**

# विचार

## देश और देशवासियों की चिंता करने वाला कौन?

भारत की राजनीति के मौजूदा स्तर को देखकर आज देश का हर दुद्धिजीवी जागरूक नागरिक हैरान और परेशान है, क्योंकि यहां पक्ष और विपक्ष दोनों ही स्तर के राजनेता देश की नहीं, अपनी राजनीति में व्यस्त है, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेता, जहां मोदी जी के शासन के दशक के जश्न के नशे में खोए है, जो प्रतिपक्ष के नेता विदेशों में जाकर भारत के निंदागान' में व्यस्त है, अब ऐसे में देश और उसके देशवासियों के बारे में चिंता करने वाला कोई नही है, सभी अपनी आत्म प्रशंसा व अपने सुनहरे राजनीतिक भविष्य के रंगीन सपनों में खोए है, जबकि आम देशवासी को अपनी और अपने परिवार की चिंता से ही फुर्सत नही है, अर्थात कुल मिलाकर देश में प्रजातंत्र मात्र एक मीठी औपचारिकता बनकर रह गया है और देश के रहनुमां अपनी मौज मस्ती में उसी प्रजातंत्र का मजाक उड़ा रहे है, आखिर यह स्थिति देश को कहां ले जाकर खड़ा करेगी, अजा न तो सत्तापक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहा है और न ही प्रतिपक्ष, आज देश के जागरूक बुद्धिजीवियों के लिए यही सबसे बड़ा चिंता का विषय है। अब दिनों-दिन देश के आम नागरिक के लिए जीवन यापन भी मुश्किल होता जा रहा है, देश आज दो वर्गों में स्पष्ट विभाजित नजर आता है, एक वर्ग वह जो सत्ता व प्रतिपक्ष की राजनीति से जुड़कर शोषक' बना हुआ है, तो दूसरा वर्ग वह जो ईश्वर पर आस्था रख जैसे तैसे अपना जीवन बसर कर रहा है। ज्और जहां तक देश के आधुनिक भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) का सवाल है, वे इन्हीं असहाय व लाचार वग्र के नाम पर अपनी राजनीतिक चालें चलकर मौज-मस्ती कर रहे है और उन्हें देश या देशवासियों की कोई चिंता नही है, आजादी की हीरक जयंती हम इसी माहौल में मनाने को मजबूर है। यदि हम हमारे भाग्यविधाताओं (राजनेताओं) की मौजूदा भूमिकाओं की ही बात करें तो ताजा उदाहरण कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी का ताजा अमेरिकी दौरा है, वहां उनके द्वारा दिए गए बयानों से तो ऐसा लगता है कि वे अमेरिका सिर्फ और सिर्फ भारत की बुराईयां ही करने गए है वैसे जहां तक राहुल जी का सवाल है, उनका हमेशा विवादों से ही नाता रहा है, उनके विवादित होने में मैं उनको दोषी इसलिए नही मानता क्योंकि उन्हें राजनीति की वह वास्तविक ट्रेनिंग नही मिल पाई जो मिलना चाहिए न उन्हें यह ट्रेनिंग उनकी दादी इंदिरा जी दे पाई और उनके पिता राजीव गांधी, अब वे जो भी राजनीति कर रहे है, वे अपनी ही सूझबूझ से कर रहे है, जिसमें ऐसी गलतियां होना स्वाभाविक है।

# सिक्खों की सहानुभूति बटोरने में नाकाम रहे राहुल गांधी

**योगेंद्र योगी ।**

**लगातार तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंयकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने अल्पसंयकों की खैरवाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिन्दुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट ध्रुवीकरण नजर आता है। अल्पसंयकों की हितैषी साबित करने के लिए कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिखों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया।**



पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथक्तावादी संगठन के प्रमुख गुरुपंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया। राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक़ दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन %सिख फॉर जस्टिस% की बात का समर्थन है। बड़ी बात ये है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछ दिनों के लिए अमेरिका आए हैं, उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो। देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता।

वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत-विरोधी प्रचार करने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं, वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती हैं, हर मंच पर भारत का विरोध करती हैं। राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खासतौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही हैं, जिन्होंने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक़ नहीं है, भारत को कश्मीर छोडना ही पड़ेगा।

जून 2023 में इल्हान उमर अमेरिका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थीं, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकितान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले? इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। अनुच्छेद 370 पर राहुल गांधी का ढुलमुल रवैया रहा है। राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने पहुंचे थे, तब भी वे अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर साइलेंट मोड में दिखे थे। हालांकि कांग्रेस जिस दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही उसका इस मुद्दे पर मत कुछ अलग है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में साफ कर दिया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली की जाएगी। हालांकि नेशनल कान्फ्रेंस किस आधार पर अनुच्छेद 370 की वापसी की बात कर रही है वो समझ से परे है। क्योंकि यह साधारण सी बात है कि केंद्र में सत्ता मिलने पर ही अनुच्छेद 370 की वापसी संभव हो सकती है। जाहिर सी बात है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को केंद्र में बहुमत नहीं मिलने जा रहा है।

धारा 370 की तरह सीएए पर भी राहुल गांधी का रुख बदलता रहा है। वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने सिटिजनशिप अमेटमेंट एक्ट लागू किया। कांग्रेस ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ कांग्रेस बहुत बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया। जिसमें सोनिया गांधी, पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह और राहुल गांधी सहित सैकड़ों पार्टी समर्थक राजघाट पर सत्याग्रह पर बैठे थे। लेकिन सीएए लागू होने के बाद चुनावों को देखते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली थी। लोकसभा चुनावों के दौरान केरल में सीएए एक बहुत बड़ा मुद्दा था। केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनराय विजयन चुनाव अभियान के दौरान लगातार यह साबित करने में लगे रहे कि राहुल गांधी सीएए पर क्यों नहीं बोल रहे हैं।

कांग्रेस और राहुल गांधी ने मौके-बेमौके अल्पसंख्यकों को लेकर गहरी चिंता जताई है, किन्तु कांग्रेसशासित राज्यों में अल्पसंख्यकों के भले के लिए क्या अतिरिक्त प्रयास किए गए, इसका खुलासा कभी नहीं किया गया। तीन तलाक के मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार का जमकर विरोध किया। जबकि तीन तलाक के मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे लागू करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक माफिया और गैंगस्टरों के मामलों में भी कांग्रेस का रवैया सहानुभूतिपूर्ण रहा है। इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी ने तो खुलकर इन गैंगस्टर्स का खुलकर समर्थन ही नहीं किया बल्कि सत्ता में रहने के दौरान बहुजन समाज पार्टी और सपा ने मंत्री पद तक के ओहदे से नवाजा था। कांग्रेस को यह समझना होगा कि क्षेत्रीय दलों का जनाधार सीमित है, जबकि कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल होने के साथ राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में अल्पसंख्यकों को रिझाने की राजनीति से भाजपा को ध्रुवीकरण का मौका मिलता रहेगा।

# तिरुपति बालाजी- सनातन धर्मियों की मांग भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों को मिले सख्त सज़ा

**दीपक कुमार त्यागी**

आंध्रप्रदेश के तिरुमाला पर्वत पर स्थित पहाड़ियां शेषनाग के 7 फनों के आधार पर बनीं हुई है, उनको %सप्तगिरि% कहा जाता है। इन पहाड़ियों की 7वीं पहाड़ी पर ही भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर या बालाजी का दिव्य मंदिर स्थित है, जो कि %वेंकटाद्री% के नाम से भी प्रसिद्ध है। वैसे तो इस अद्भुत भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर या बालाजी के मंदिर की महत्ता को देश व दुनिया में अधिकांश लोग जानते है। इसी दिव्य महिमा के चलते ही देश व दुनिया से हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु इस दिव्य मंदिर के दर्शन पाने के लिए आते हैं। इस भव्य दिव्य मंदिर में स्थापित भगवान वेंकटेश्वर या बालाजी को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। सनातन धर्म संस्कृति व परंपराओं में ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु ने कुछ समय के लिए इस क्षेत्र के ही %स्वामी पुष्करणी% नामक सरोवर के किनारे निवास किया था, यह सरोवर तिरुमाला के पास ही स्थित है। इस दिव्य अद्भुत मंदिर के संदर्भ में मान्यता है कि यहां आने के पश्चात व्यक्ति के जीवन भर के सभी पाप धुल जाते हैं और उसको जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है और वह भगवान के तिरुपति बालाजी के श्री चरणों में स्थान प्राप्त करके मोक्ष प्राप्त करता है। भारत की आज़ादी से पहले वर्ष 1933 में तिरुपति बालाजी के इस मंदिर का पूरा प्रबंधन मद्रास सरकार ने अपने हाथ में ले लिया था और रोजमर्रा के कार्य संपन्न करने के लिए एक स्वतंत्र प्रबंधन समिति %तिरुमाला-तिरुपति% का गठन करके उसके हाथ में इस मंदिर



का प्रबंधन सौंप दिया गया था। लेकिन जब आंध्रप्रदेश राज्य का गठन हुआ तो इस प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया और इस मंदिर की प्रबंध समिति में आंध्र प्रदेश सरकार के एक प्रशासनिक अधिकारी को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त कर दिया गया, जब से ही इस प्रबंध समिति %तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी)% के द्वारा मंदिर से जुड़े हुए हर प्रकार के कार्यों को निर्बाध रूप से संपन्न किया जा रहा है। यहां आपको बता दें कि इस दिव्य अलौकिक मंदिर में रोजाना भक्तों की भारी भीड़ अपने आराध्य के दर्शन के लिए उमड़ती है, इस मंदिर में लगभग 50 हजार से भी अधिक श्रद्धालु देश व दुनिया से दर्शन करने के लिए आते हैं। इन सभी श्रद्धालुओं की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी टीटीडी की होती है। मंदिर के श्रीवारी लड्डू का प्रसाद इतना प्रसिद्ध है कि वह देश व दुनिया में बसे हुए करोड़ों भक्तों के पास रोजाना लाखों लड्डू की संख्या में जाता है और यह प्रसाद मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा स्वयं की रसोई में खुद ही बनाया जाता है। मंदिर में रोजाना भक्तों की भारी भीड़ होने के चलते मंदिर प्रबंध समिति के पास रोजाना ही भारी मात्रा में धन दौलत व खाने पीने और इस्तेमाल करने का सामान आता है, उस सबके बावजूद भी मंदिर प्रबंध समिति सनातन धर्म के करोड़ों अनुयायियों की आस्था की रक्षा करने में नाकाम रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार मंदिर का लड्डुओं का यह प्रसिद्ध प्रसाद घी की जगह जानवरों की चर्बी व मछ्ली के तेल में बन रहा है, इस लड्डू के प्रसाद ने दिव्य मंदिर की प्रवित्रता को चोट पहुंचाते हुए ना जाने सनातन धर्म के कितने शाकाहारी अनुयायियों का धर्मभ्रष्ट करने का दुस्साहस किया है। लेकिन अफसोस हर माह प्रभु भक्तों से करोड़ों रुपए कमाने वाली मंदिर प्रबंध समिति उस अपार धन खाने पीने की वस्तुओं का टेस्ट करने वाली एक स्थाई लैब तक निर्माण भी आजतक नहीं कर पाई। प्रसाद में जानवर की चर्बी व तेल की मिलावट का यह खेल हिन्दू धर्म के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। प्रसादम के श्रीवारी लड्डू को पहली बार 2 अगस्त 1715 को मंदिर में प्रसाद के रूप में भक्तों को बंटवाया गया था। हालांकि कुछ प्राचीन शिलालेखों के अनुसार 1480 से लड्डू के अस्तित्व की जानकारी मिलती है। लेकिन छः बदलाव के बाद आज वर्तमान स्वरूप के रूप में प्रसादम का यह श्रीवारी लड्डू का प्रसाद भक्तों के लिए उपलब्ध है। प्रसादम के लड्डू बनाने में हर महीने 42 हजार किलो देशी घी, 22 हजार 500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश व 6 हजार किलो इलायची लगती हैं। प्रसादम के यह प्रसिद्ध लड्डू प्रतिदिन मंदिर की रसोई में ही बनता है, जिसे पोटू कहते हैं और लड्डू तैयार करने की प्रक्रिया को दित्तम कहते हैं। प्रसादम के इस श्रीवारी लड्डू के तीन साइज हैं, छोटा 40 ग्राम, मध्यम 175 ग्राम और बड़ा 750 ग्राम का होता है। छोटे लड्डू को मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों को प्रबंध समिति के द्वारा निशुल्क प्रदान किया जाता है। प्रसादम का यह प्रसिद्ध श्रीवारी लड्डू हर दिन तीन लाख बनाकर के भक्तों को वितरित किये जाते है और इस लड्डू की बिक्री से तिरुपति बालाजी मंदिर को 500 करोड़ रुपए की भारी-भरकम वार्षिक आय होती है। लेकिन आज विचारणीय तथ्य यह है कि %सनातन धर्म% के अनुयायियों के अपने ही प्यारे देश में ही उनकी आस्था पर बार-बार प्रहार किया जा रहा है।

कभी उनकी तुलना मच्छर से की जाती है। कभी उनके धार्मिक परंपराओं, रीति-रिवाजों व संस्कृति पर प्रश्नचिन्ह लगाया जाता है। कभी पूरी धर्म को पाखंड बताने का दुस्साहस किया जाता है। कभी कहा जाता है कि ऐसा कोई धर्म ही नहीं है। कभी सनातन धर्म में पूजनीय गाय माता को कसाईखाना में काटा जाता है। कभी राजनेताओं के द्वारा अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए सनातन धर्म के अनुयायियों में जाति के नाम पर फूट डालकर के उन लोगों को जातियों में बांटने की साज़िश रची जाती है। कभी तिरुपति बालाजी जैसे विश्व प्रसिद्ध मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी व मछ्ली के तेल की मिलावट करके उनको धर्मभ्रष्ट करने की गंभीर साज़िश का खुलासा होता है। कभी उनके मठ मंदिरों को मिलने वाले दान का उपयोग दूसरे धर्म के लोगों के विकास पर किया जाता है। कभी सनातनियों पर अपने ही देश में तरह-तरह का अंकुश लगाया जाता है।

# बारदाना-फैक्ट्री में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान

## देर से पहुंची पुलिस और फायर-ब्रिगेड की टीम, बुझाने में लगे 5 घंटे





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर के तोरवा स्थित बारदाना फैक्ट्री में रविवार की रात भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिसमें 11 ट्रिप पानी सप्लाई की गई। आग से लाखों नुकसान हुआ है। फिलहाल शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात करीब 8.30 बजे कर्मचारियों ने गोदाम से धुंआ उठते देखा। जब तक वे कुछ समझ पाते प्लास्टिक बारदाने के गोदाम में आग भड़क गई थी। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी आग लगने की जानकारी दी गई।

**बारदाना और फर्नीचर की वजह से तेजी से फैली आग:** इस दौरान बारदाना के साथ ही फर्नीचर में लगी आग काफी तेजी से फैलने लगी। कर्मचारियों को आग को काबू में करने का मौका ही नहीं मिला। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाना शुरू कर किया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। देर रात तक दमकल कर्मी आग बुझा सके, जिसमें करीब 5 घंटे लग गए।

**गोदाम में कर्मचारी भी थे मौजूद:** मिली जानकारी के मुताबिक तोरवा में रहने वाले रमेश माखीजा व्यवसायी हैं। देवरीखुर्द-लालखदान ओवरब्रिज के पास उनका गोदाम है। उन्होंने बारदाना और फर्नीचर व्यवसायी को किराए पर दिया है। दोनों व्यवसायी अपने सामान गोदाम में रखे हैं। बताया जा रहा है कि बारदाना व्यवसायी और फर्नीचर व्यवसायी के कर्मचारी भी गोदाम में रहते हैं।

**बारदाने में आग भड़क चुकी थी:** आसपास के लोगों ने बताया कि आग लगने की जानकारी देने के बाद भी पुलिस देर से पहुंची। इसके साथ ही जब पुलिस पहुंची, तब फायर ब्रिगेड को सूचना दी। तब तक गोदाम में रखे बारदाने में आग भड़क चुकी थी। दूर तक आग की लपटें नजर आ रही थी।

**एक घंटे देर से पहुंची फायर ब्रिगेड, थोड़ी ही देर में पानी हो गया खत्म:** पहले दो दमकल से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ ही देर में दोनों दमकल का पानी खत्म हो गया। इसके कारण करीब आधे घंटे तक बचाव कार्य रुका रहा। फायर ब्रिगेड की टीम एक घंटे देर से पहुंची।

**पुलिस की सुस्ती पर लोग होते रहे आक्रोशित:** आग की सूचना के बाद पुलिस को सबसे पहले सूचना दी गई। इधर पुलिस की टीम वहां लेट से पहुंची। इधर तब तक मौके पर जाम लगने लगा था। इसके कारण लोग परेशान होने लगे। इधर पुलिस ने फायर ब्रिगेड को भी सूचना देने में देर की। इसके कारण वहां पर लोग आक्रोशित होते रहे।

**बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका:** आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री और गोदाम में आग बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। कर्मचारियों ने बताया कि काम के बाद वे अपने कमरे की तरफ गए तो देखा कि आग की लपटें उठ रही हैं और धुआं भी निकल रहा है। उन्होंने बताया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। अभी तक नुकसान का पता नहीं चल पाया है। फैक्ट्री मालिक ने भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

देवेंद्र यादव की जमानत पर अब 4 अक्टूबर को सुनवाई

# कोर्ट से रायपुर सेंट्रल जेल ले गई पुलिस, 10 साल पुराने मामले में थी पेशी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई है। अब सुनवाई 4 अक्टूबर को होगी। पुलिस विधायक देवेंद्र को 10 साल पुराने मामले में कोर्ट में पेश करने लाई थी। अब उन्हें वापस जेल ले जाया गया है।

दरअसल, रायपुर में 2013 में हस्ढ के प्रदर्शन के दौरान चक्काजाम किया था। इसी केस को लेकर देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। वहीं मंगलवार (24 सितंबर) को कोयला घोटाला मामले में यादव की ओर से श्वष्ठ कोर्ट में पेशी और जमानत याचिका पर सुनवाई होगी।

**30 सितंबर तक न्यायिक रिमांड में हैं देवेंद्र:** इसके पहले मंगलवार 17 सितंबर को बलौदाबाजार कोर्ट में सुनवाई हुई थी, जिसमें विधायक देवेंद्र यादव कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। पुलिस ने देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद 30 सितंबर तक न्यायिक रिमांड बढ़ाई थी। वहीं इस मामले में यादव की ओर से जमानत याचिका भी लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

**17 अगस्त को हुई थी गिरफ्तारी:** 17 अगस्त को भिलाई से गिरफ्तारी हुई, इसके बाद से लगातार न्यायिक रिमांड बढ़ी। वे रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस का तर्क है कि, विधायक का मोबाइल जमा नहीं होने के चलते केस के प्रोग्रेस में देरी हो रही है। जिस पर देवेंद्र ने वकील ने कहा कि मोबाइल जमा कर दिया गया था। डीवीआर कॉपी करने के बाद पुलिस ने वापस लौटाया।

**देवेंद्र पर भीड़ को उकसाने का आरोप:** विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी बलौदाबाजार हिंसा मामले में हुई है। उन पर हिंसा भड़काने का आरोप है। इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया, लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस को बयान लेना है, तो उनके पास और लेकर जाए। हालांकि पूछताछ के लिए तीसरा नोटिस मिलने पर देवेंद्र यादव ने बलौदाबाजार जाकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात भी की थी।

वहीं बलौदाबाजार पुलिस के एक उच्चाधिकारी की माने तो पुलिस के पास देवेंद्र के खिलाफ गवाह हैं। कुछ लोगों के बयान हैं। इसके अलावा पुलिस के पास कुछ वीडियो भी हैं। इसको आधार बनाकर उन पर कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत, 5 बच्चे भी शामिल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में सोमवार दोपहर बिजली गिरने से 4 बच्चों सहित 8 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि अचानक मौसम बदलने और बारिश होने से सभी खंडहर में रुके हुए थे। घटना जोरातराई गांव की है। वहीं जांजगीर-चांपा में रविवार को 11 साल के बच्चे की मौत हुई है। जबकि 8 लोग घायल हैं। वहीं बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के एक दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज रह सकती हैं।

**पेड़ के नीचे खड़े थे तभी गिरी बिजली:** जानकारी के अनुसार रविवार को जांजगीर चांपा में गांव के लोग तालाब के पास पिकनिक मना रहे थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

## केन्द्र एवं राज्य सहयोग से 200 करोड़ में बन रहा 10 मंजिला अत्याधुनिक अस्पताल

### 31 अक्टूबर के पूर्व तमाम कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बिलासपुर में सिम्स के विस्तार के रूप में कोनी में बन रहे मल्टी स्पेश्यालिटी हास्पिटल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने 31 अक्टूबर 2024 तक तमाम निर्माण, खरीदी एवं भर्ती के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि राज्य स्थापना सप्ताह के दौरान इसका लोकार्पण किया जा सके। उन्होंने अस्पताल भवन एवं अब तक उपलब्ध की गई सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की संयुक्त वित्तीय भागीदारी से लगभग 200 करोड़ रूपये की लागत से इस अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। छह गंभीर रोगों के मरीजों के इलाज के लिए इसमें 240 बेड की सुविधा है। नया मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल ग्राउंड फ्लोर सहित 10 मंजिलों में बना है। मंत्री ने सभी मंजिलों में बने सुविधाओं और मशीन उपकरणों का निरीक्षण किया। सिम्स के इस विस्तारित अस्पताल भवन में छह विशेषज्ञ वाले विभाग-नेफोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, सीटीव्हीएस, न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जरी शामिल हैं। भवन का निर्माण केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग और उपकरणों की खरीदी केन्द्र सरकार की एजेंसी हाईट्स द्वारा की जा रही है।

जायसवाल ने अस्पताल शुरू करने के पहले फायर ऑडिट और लिफ्ट की ऑडिट कराने लेने के निर्देश दिए। मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर में रेडियोलॉजी एवं केजुअल्टी की व्यवस्था है। पहले और दूसरे मंजिल में ओपीडी, तीसरी मंजिल में प्रशासनिक भवन, चौथी मंजिल में ऑपरेशन थियेटर और कैथलैब, पांचवी मंजिल में सर्विसेस के साथ छठवें से दसवें तक मेडिकल वार्ड होंगे। उन्होंने अस्पताल में ट्रायल शुरू करने के निर्देश दिए ताकि जो कमियां सामने आएंगी उन्हें समय रहते सुधारा जा सके। उन्होंने समीप में ही बन रहे कैंसर इंस्टीट्यूट भवन की भी जानकारी ली और मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिम्स का नया भवन भी इसी परिसर में बनेगा। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 700 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, संचालक स्वास्थ्य ऋतुराज रघुवंशी, एमडी सीजीएमएससी पद्मिनी भोई, एनएचएम के एमडी जगदीश सोनकर, संयुक्त सचिव अभिजीत सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

तालाब में मिली 15 साल की नाबालिग लड़की की लाश

# एसडीआरएफ की टीम ने निकाला शव, पुलिस कर रही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग जिले में शीतला तालाब में डूबने से 15 साल की नाबालिग लड़की की मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। शव को खोजकर बाहर निकाला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है। दुर्ग एसडीआरएफ के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनके पास सोमवार सुबह दुर्ग कंट्रोल रूम से फोन आया था। एक लड़की शीतला तालाब में डूब गई है। सूचना मिलते ही उन्होंने एक टीम को मौके पर भेजा। डीप डाइविंग अनुभवी जवान इंद्रपाल यादव ने कई घंटे की खोज के बाद तालाब से बॉडी को बाहर निकाला।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया:** शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए दुर्ग मॉर्चुरी भेज दिया है। वहां स्ढ मीरा वर्मा पोस्टमॉर्टम करवा रही हैं। उन्होंने बताया कि लड़की पहचान भावना सागर उर्फ बेबो पिता दिनेश सागर (15 वर्ष) के रूप में हुई है।बेबो दुर्ग सिविल लाइन के पास घासीदास वार्ड 47 में रहती थी।

**बेबो दो भाइयों में एकलौती बहन थी:** बेबो दो भाइयों में एकलौती बहन थी। उसके पिता दिनेश सागर प्राइवेट काम करते हैं। बेबो का एक बड़ा भाई है और एक छोटा। बेबो 9वीं क्लास में ड्रीम इंडिया स्कूल दुर्ग में पढ़ती थी। उसने खुदकुशी की है, लेकिन किस कारण से की है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# डॉक्टर बहू को पटक-पटककर पीटा

## महिला बोली- सबूत दिखाने के बाद भी नहीं सुन रही पुलिस, दर्ज कर दिया काउंटर एफआईआर



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बहू को उसके ससुराल वालों ने बाल पकड़कर खींचे और पटक-पटककर पीटा है। शिकायत लेकर महिला थाने पहुंची तो शिकायत नहीं सुनी गई। एविडेंस मांगा। जब महिला ने उसका वीडियो दे दिया तो पुलिस ने काउंटर एफआईआर दर्ज कर दिया। मामला नेवई थाना अंतर्गत रिसाली क्षेत्र का है। आजाद मार्केट रिसाली में रहने वाली कमरुन निशा खान ने अपने ससुराल वालों पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। निशा बीएमएस डॉक्टर है। श्रीशंकराचार्य अस्पताल में जॉब करती है।

**जेठ, देवर, सास और देवरानी ने पीटा:** महिला ने बताया कि 31 अगस्त 2024 को निशा को उसके जेठ, देवर, सास और ननद ने मिलकर बुरी तरह पीटा। मारपीट का किसी ने वीडियो बना लिया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि 2-3 पुरुष और 2-3 महिलाएं मिलकर उसे पीट रहे हैं। परिवार के लोग निशा के बाल पकड़कर दीवार पर गिरा देते हैं। इसके बाद जमीन पर पटककर उसे बेरहमी से पीट रहे हैं। निशा बचाओ-बचाओ चिल्ला रही है, लेकिन कोई सामने नहीं आया।

**महिला को भी पुलिस ने बनाया आरोपी:** निशा का कहना है कि वह मारपीट के बाद नेवई थाने पहुंची। पुलिस ने जाहिदा खान, मोहर्रम और सागीर खान के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन उनकी शिकायत पर निशा को भी आरोपी बना दिया।

महिला ने बताया कि मारपीट से पहले भी कई बार थाने जाकर प्रताड़ना की शिकायत दे चुकी है, लेकिन जांच अधिकारी ने शिकायत नहीं सुनी। अगर वह सुनते तो उसके साथ मारपीट की घटना नहीं होती।

**एसपी के पास भी की गई शिकायत, टीआई को फटकार:** निशा का कहना है कि काउंटर एफआईआर दर्ज होने पर वह एसपी अभिषेक झा के पास शिकायत लेकर पहुंची थी। एएसपी ने उनकी बातों को सुनकर टीआई को फटकार लगाई। एफआईआर दर्ज करने की जगह काउंटर एफआईआर क्यों दर्ज किया गया। नेवई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। उल्टा समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# डॉटर्स-डे पर बेटियों ने लगाए पौधे

## जंगल की जमीन को फिर से हरा-भरा बनाने की पहल, कहा-अब नुकसान नहीं होने देंगे



**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** कोंडागांव में 22 सितंबर, बेटी दिवस के दिन गांव की बेटियों ने जंगल की जमीन को फिर से हरा-भरा बनाने की अनूठी पहल की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। जिस जंगल में कुछ लोगों ने अतिक्रमण करके फसल उगाई थी, वहां अब जागरूक ग्रामीणों ने वन विभाग के सहयोग से 5,000 से अधिक पेड़ लगाए हैं।

5,800 हेक्टेयर जंगल की जमीन पर उड़द की फसल उगा दी गई थी, लेकिन अब ग्रामीणों को समझ आ गया है कि ये जंगल उनके लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। जंगल से मिलने वाली वनोपज की कमी का उन्हें एहसास हो गया है और अब वे संकल्पित हैं कि जंगल को और नुकसान नहीं होने देंगे।

**5,800 हेक्टेयर क्षेत्र में 5,000 से ज्यादा पौधे:** वन प्रबंधन समिति शामपुर के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर उस जंगल की भूमि पर 5,800 हेक्टेयर क्षेत्र में 5,000 से अधिक पौधे लगाए, जिसमें हर पेड़ को 'माँ के नाम' समर्पित किया गया है।

डॉक्टर को बदमाशों ने पीटा, देर रात थाने पहुंची भीड़

# घर लौटते वक्त किया हमला, 2 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** अंबिकापुर के पॉश कालोनी में रविवार की रात घर लौट रहे प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालक को बदमाशों ने पीट दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे में धुत बाइक अड़ाकर सड़क पर खड़े थे। डॉक्टर ने उन्हें हटने के लिए कहा तो पीट दिया। मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर से मारपीट के बाद डॉक्टर्स भड़क गए। देर रात बड़ी संख्या में डॉक्टर्स गांधीनगर थाने पहुंचे। पुलिस कार्रवाई के लिए दबाव बनाया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। वारदात में शामिल 2 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है।

**6 बदमाशों ने डॉक्टर को पीटा:** जानकारी के मुताबिक, बदमाशों ने जिसकी पिटाई की, उनका नाम डॉ. सुशील मिश्रा है, जो केडी के संचालक हैं। वह रविवार रात करीब 9.30 बजे हॉस्पिटल से अपने घर दत्ता कॉलोनी लौट रहे थे, तभी दत्ता कॉलोनी में बदमाशों ने हमला क्या। हमला करने वाले बदमाश 6 लोग थे।

**देर रात थाने पहुंची भीड़:** घटना की सूचना पर रात करीब 10 बजे डॉक्टरों की टीम के साथ बड़ी संख्या में लोग गांधीनगर थाने पहुंचे। मारपीट की जानकारी दी।

# शिक्षक की मांग को लेकर खरसिया नगर पालिका का घेराव

## हाई स्कूल की छात्राओं ने लगाए नारे, कहा शिक्षा सत्र में शिक्षकों को वापस बुला लिया गया





**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के खरसिया में आज कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने नगर पालिका का घेराव कर दिया। शिक्षकों की मांग को लेकर उन्होंने विरोध जताया। बताया जा रहा है कि खरसिया नगर पालिका द्वारा कन्या हाई स्कूल संचालित हो रहा था, लेकिन पूर्व में यह शासन के अधीन हो गया।

इसके बाद भी नगर पालिका के प्लेसमेंट माध्यम से यहां चार शिक्षक व दो भृत्य पदस्थ थे। उन्हें अब नगर पालिका में वापस बुला लिया गया है। ऐसे में कन्या स्कूल में शिक्षकों की कमी हो गई। जिसके कारण आज स्कूली छात्राओं को विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। छात्राएं नगर पालिका विरोध करने पहुंची, तो वहां के अधिकारियों ने समझाईश दी कि वे विकासखंड शिक्षाधिकारी से बात करे, तब छात्राएं बीओ कार्यालय पहुंची।

जहां स्कूल में शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की बात कही गई। तब छात्राओं ने अपना विरोध समाप्त किया।

**पढ़ाई हो रही थी प्रभावित:** बताया जा रहा है कि कन्या हाई स्कूल में 243 छात्राएं अध्ययनरत हैं और नियमित पांच शिक्षक व नगर पालिका के प्लेसमेंट के तहत चार शिक्षक पढ़ा रहे थे, लेकिन प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से पढ़ा रहे शिक्षकों को वापस नगर पालिका बुलाने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होने लगी। इससे आने वाले समय में इसका असर उनके परीक्षा परिणाम पर नजर आता। इस कारण छात्राओं ने अपना विरोध जताया।

**मार्गदर्शन का नहीं आया जवाब:** इस मामले में खरसिया नगर पालिका के अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि स्कूल 2019 से शासन के अधीन हो चुका है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा शिक्षकों को वापस नहीं लिया गया था, पर कुछ दिन पहले नया निर्देश आने के बाद शिक्षकों को नगर पालिका वापस बुलाया गया है। इसके लिए पूर्व में मार्गदर्शन भी मांगा गया था, लेकिन अब तक उसका कोई जवाब नहीं आ सका है।

**वैकल्पिक व्यवस्था की गई:** खरसिया बीईओ शैलेन्द्र देवांगन ने बताया कि छात्राएं स्कूल में शिक्षकों की मांग को लेकर आए थे। उन्हें समझाईश दी गई है और तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के लिए आसपास स्कूल के चार शिक्षकों को यहां अस्थायी तौर पर अटैच किया गया है। वे वहां जाकर छात्राओं को पढ़ाएंगे।

# ऋषभ पंत और एमएस धोनी की तुलना से खुश नहीं है दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन वापसी भी की है। इस दौरान उन्होंने अपने टेस्ट करियर का छठा शतक भी ठोका। जिसके बाद वह भारत के लिए सबसे ज्यादा सेंचुरी जड़ने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी की बराबरी कर चुके हैं। इसके बाद से ही कुछ को लगता है कि पंत टेस्ट में भारत के सबसे महान विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ऐसा बिल्कुल नहीं सोचते हैं। साथ ही वो धोनी और पंत की तुलना से खुश नहीं है। उन्होंने इस तुलना को जल्दबाजी बताया है। दिनेश कार्तिक ने क्रिकबज से कहा कि, ये कहना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है कि वह 34 टेस्ट मैच खेलकर भारत के सबसे महान विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। समय लीजिए, जल्दबाजी में निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। हालांकि, पंत निश्चित रूप से सही रास्ते पर हैं और वह भारत के सबसे महान विकेटकीपर बनकर ही दम लेंगे। बता दें कि, पंत ने अभी तक 34 टेस्ट में 44.79 की औसत से 2419 रन बनाए हैं।

वहीं, धोनी ने 90 टेस्ट में 38.09 की औसत से 4876 रन जुटाए। कार्तिक का मानना है कि धोनी की साख को कम नहीं आंकना चाहिए क्योंकि उन्होंने भारत को नंबर वन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि, विकेटकीपर के रूप में धोनी की साख को कम मत समझिए। उन्होंने न केवल शानदार कीपिंग की, बल्लेबाजी की और भारत के लिए बहुत जरूरी समय पर रन बनाए बल्कि टीम को नंबर-1 तक पहुंचाया। इसलिए जब आप किसी खिलाड़ी के बारे में बात करते हैं तो आपको उन सभी चीजों पर पूरा ध्यान देना होता है।







## कानपुर टेस्ट में इस स्टार खिलाड़ी को मिलेगा मौका!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाना है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट को 280 रनों से जीतकर टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है। कानपुर में अब टीम इंडिया की नजरें सीरीज जीतने पर होंगी। ऐसे में कहा जा रहा है कि रोहित शर्मा पिच को देखकर प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकते हैं। फिलहाल, कानपुर की पिच फ्रेंडली है, ऐसे में आकाशदीप या मोहम्मद सिराज में से किसी एक को मौका मिलेगा। किसी एक तेज गेदंबाज की जगह रोहित शर्मा अतिरिक्त स्पिनर को मौका दे सकते हैं। कानपुर के ग्रीन पार्क में अभी तक कुल 23 मैच खेले गए हैं जिसमें 616 विकेट गिरी है। इनमें से 260 विकेट तेज गेंदबाजों ने तो 346 विकेट स्पिनर्स ने लिए हैं। वहीं 1 जनवरी 2000 से इस मैदान पर 5 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें कुल 153 विकेट गिरे हैं। जिसमें 56 विकेट तेज गेंदबाजों ने तो 97 विकेट स्पिनर्स ने लिए हैं। इन आकंड़ों को देखकर रोहित शर्मा कम से कम तीन स्पिनर तो बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जरूर उतारेंगे। ऐसे में एक तेज गेंदबाज का पत्ता कटना तय है। अब देखने वाली बात ये है कि कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या अक्षर पटेल को, ये तो वक्त ही बताएगा।

## मोहम्मद रफीक खान? जिसने भारत के लिए चेस में पहला ओलंपियाड मेडल जीता था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लिए रविवार को दिन बेहद खास रहा, जहां शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुष टीम और महिला टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। भारत की इन दोनों ही टीमों ने पहली बार गोल्ड मेडल जीता। पुरुष और महिला टीमों ने टॉप पर रहते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। बुडापेस्ट में आयोजित 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम दौर में अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस प्रतियोगिता में पहली बार अपना नाम इतिहास में दर्ज करा दिया है। हालांकि, जब भी चेस का नाम आता है तो हर भारतीय की जुंबा पर विश्वानाथन आनंद का नाम आता है। आनंद पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं, लेकिन आनंद से पहले भी भारत के पास एक चेस खिलाड़ी था जिसने चेस की दुनिया में खूब नाम कमाया था। वो थे मोहम्मद रफीक खान।

1980 में शतरंज ओलंपियाड में सिल्वर मेडल जीतकर मोहम्मद रफीक ने पूरी दुनिया में अपना और अपने देश का नाम रौशन किया। उस दौरान माल्टा में हुए टूर्नामेंट में भारत के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ी बने थे। रफीक ने 13 में से कुल 9 मुकाबले अपने नाम किए थे जबकि 2 मैच ड्रॉ रहे थे। हालांकि, वो कभी भी अपने करियर में कभी ग्रैंडमास्टर नहीं बन सके। 1976 में, रफीक भारतीय शतरंज में चर्चा का विषय बन गए थे।

## बल्ले के बाद आर अश्विन ने गेंद से किया कमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेपॉक में खेले जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन आर अश्विन ने खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। पहली पारी में शतक लगाने वाले अश्विन ने बांग्लादेश की दूसरी पारी में अब तक 3 विकेट चटकाए हैं। ऐसे में वह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं जिन्होंने ईशांत शर्मा को पछाड़ दिया है। वहीं अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ अब तक खेले गए 7 टेस्ट की 13 पारियों में 26* विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनकी औसत 27.23 की और इकॉनमी 3 की रही है। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज जहीर खान हैं। जहीर ने 7 टेस्ट की 14 पारियों में 31 विकेट अपने नाम किए थे। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर ईशांत शर्मा हैं। ईशांत के नाम 7 टेस्ट की 13 पारियों में 25 विकेट हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मौजूद टेस्ट सीरीज में अश्विन के पास जहीर खान को पीछे छोड़ने का मौका है।

## बांग्लादेश पर भारत की जीत के बाद इस पूर्व पाकिस्तान खिलाड़ी ने पीसीबी को लताड़ा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट में हराकर जीत दर्ज की। जिसके बाद पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर कामरान अकमल ने अपने ही क्रिकेट बोर्ड को प्रोफेशनलिज्म का पाठ पढ़ाया है। भारत के खिलाफ बांग्लादेश की जो टीम चेन्नई टेस्ट में उतरी लगभग उसी टीम ने पिछले दिनों पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर 2-0 से सीरीज हराई थी। पाकिस्तान की हार का जिम्मेदार कामरान अकमल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को ठहराया है और कहा है कि अगर सबकुछ ठीक चल रहा होता तो पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान नहीं होता। कामरान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, पीसीबी को बीसीसीआई उनके पेशेवर रवैये उनकी टीम, चयनकर्ता, कप्तान और कोचों से सीखना चाहिए। यही चीजें हैं जो एक टीम को नंबर एक बनाती हैं और दुनिया पर हावी बनाती हैं। अगर हम इतने अच्छे होते, तो पाकिस्तान क्रिकेट यहां नहीं होता। आपके अहंकार की वजह से ही पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान की हार ने उस उथल-पुथल की याद दिला दी है, जिसमें वे पिछले कुछ सालों से फंसे हुए हैं। 2022 एशिया कप के फाइनल में बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को श्रीलंका के हाथों का हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अगले सीजन में टीम सुपर-4 से बाहर हो गई थी। इसके बाद टीम भारत में वनडे वर्ल्ड कप 2023 खेलने आई जहां टीम को ग्रुप स्टेज से बहार होकर ही घट लौटना पड़ा।

## रोहित शर्मा के नाम हुआ ये खास रिकॉर्ड




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट को जीतकर भारत ने कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। वहीं पिछले 12 सालों से घर पर सीरीज जीतने के सिलसिले को भी बरकरार रखा। इसी के साथ रोहित शर्मा के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है जो आज तक कोई भारतीय नहीं कर पाया। विराट कोहली और सौरव गांगुली को अपनी कप्तानी के कार्यकाल में एक-एक बार ऐसा करने का मौका मिला था, मगर वह भी चूक गए थे।

चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बैटिंग करने का न्यौता दिया था। टीम इंडिया ने अश्विन के शतक के दम पर 387 रन बोर्ड पर लगाए थे। इसके जवाब में मेहमान टीम पहली पारी में 149 रन पर ढेर हो गई थी। पहली पारी में भारत को 227 रनों की बढ़त मिली और टीम इंडिया ने दूसरी पारी 287 रनों पर घोषित कर दी। भारत बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का टारगेट रखा था जिसके जवाब में मेहमान टीम 234 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने 280 रनों से इस मुकाबले को अपने नाम किया।

भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब घर पर खेलते हुए विपक्षी टीम ने टॉस जीता और भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मैच जीता हो। इससे पहले 8 बार विपक्षी कप्तानों ने भारत को घर पर पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था लेकिन टीम एक बार भी जीत नहीं पाई।

भारत इस दौरान 2 बार हारा था, वहीं 6 मुकाबले ड्रॉ रहे थे। आखिरी बार 2017 में श्रीलंकाई कप्तान ने भारत को घर पर टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का न्योता दिया था। कोहली की कप्तानी में भारत ने वो मुकाबला ड्रॉ खेला था। वहीं, गागुंली की कप्तानी में 2001 में ऐसा हुआ था और उस दौरान टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी थी।

## स्टार शटलर पीवी सिंधु को नए कोच की तलाश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टार शटलर पीवी सिंधु पेरिस ओलंपिक में भले ही मेडल नहीं जीत पाई हों लेकिन उनका अगल लक्ष्य तय हो चुका है। दरअसल, सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में सिल्वर और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहली बार ऐसा हुआ जब पीवी सिंधु बिना मेडल के देश लौटीं। उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। वहीं अब सिंधु को अपने नए कोच की तलाश है। 29 वर्षीय सिंधु लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक 33 की हो जाएंगे। बैडमिंटन जैसे खेल में 33 की उम्र में ओलंपिक मेडल जीतना आसान नहीं होता। सिंधु का अगल ओलंपिक खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। हालांकि, उनका अगल लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 है। वह इसके लिए नया कोच तलाश रही हैं और उन्होंने बेंगलुरु छोड़ हैदराबादा लौटने का फैसला भी किया है। फिलहाल, पीवी सिंधु के पिता पीवी रमन ने इंडिया एक्सप्रेस को बताया कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी।



## ऑस्ट्रेलिया में भारत की संभावनाओं के लिए अहम होगी बुमराह और पंत की फिटनेस और फॉर्म - चैपल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल ने कहा कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखलाओं की जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक हासिल करनी है तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोटों से मुक्त और शीर्ष फॉर्म में रहना होगा। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम के लिए इस विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में पांच टेस्ट मैच आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले आदर्श तैयारी है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट भी शामिल हैं।

चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' में अपने कॉलम में लिखा, ''भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का फॉर्म में रहना और चोटों से मुक्त रहना होगा। '' उन्होंने कहा, ''पंत ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा। ''

पंत 2020-21 में भारत को आस्ट्रेलिया में पिछली श्रृंखला में मिली



जीत के नायक रहे थे। चैपल ने कहा, ''अगर पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं तो यह भारत के लिए अच्छा होगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए आदर्श विकेटकीपर हैं।

'' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए अहम पहलू बुमराह की फिटनेस और फॉर्म होगी। बुमराह ने अगस्त 2023 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' सर्जरी के बाद वापसी के बाद से अपना कार्यभार अच्छी तरह प्रबंधित किया है।

चैपल ने कहा, ''पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर दो सबसे सफल तेज गेंदबाज बुमराह और मोहम्मद सिराज दोनों की अच्छी फॉर्म और फिटनेस जरूरी है। बुमराह तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते हैं। '' वह मोहम्मद शमी के भी श्रृंखला शुरू होने से पहले फिट होने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अगर मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के लिए फिट हो जाते हैं तो यह आदर्श होगा और उनकी मौजूदगी से भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता भी बढ़ेगी। '' उन्होंने कहा, ''जडेजा और अश्विन के साथ स्पिन गेंदबाजी भी अच्छी है। लेकिन मैं ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर कुलदीप यादव की अहमियत को कम नहीं आकूंगा।

## न्यूजीलैंड को लगा झटका, श्रीलंका ने बनाई टॉप 3 में जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीत का फायदा श्रीलंका की टीम को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वॉइंट्स टेबल में हुआ है। श्रीलंकाई टीम अब चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम टॉप 3 से बाहर हो गई है। टीम इंडिया पहले स्थान पर विराजमान है और ऑस्ट्रेलिया मजबूती के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है।

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच जारी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले को मेजबान श्रीलंका ने करीबी अंतर से जीता। इस जीत का फायदा श्रीलंका की टीम को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वॉइंट्स टेबल में हुआ है। श्रीलंकाई टीम अब चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम टॉप 3 से बाहर हो गई है। टीम इंडिया पहले स्थान पर विराजमान है और ऑस्ट्रेलिया मजबूती के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है।

इस मुकाबले से पहले श्रीलंका की टीम चौथे स्थान पर थी और टीम का जीत प्रतिशत 42.86 था, लेकिन अब जीत प्रतिशत बढ़कर 50 फीसदी हो गया है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम का जीत प्रतिशत 50 फीसदी हो गया है। वहीं न्यूजीलैंड की




टीम का जीत प्रतिशत 50 प्रतिशत था, जो घटकर 42,86 हो गया है। श्रीलंका की टीम को भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में खेले गए टेस्ट मैच के नतीजे से भी फायदा हुआ था, जिसमें भारत को जीत मिली थी और टीम पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंची थी।

फिलहाल, टीम इंडिया 71.67 फीसदी मैच जीतकर टॉप पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत इस वर्ल्ड चैंपियनशिप चक्र में 62.50 फीसदी है। टीम दूसरे स्थान पर मजबूती के साथ खड़ी है।

श्रीलंका 50 फीसदी के साथ तीसरे, न्यूजीलैंड की टीम 42.86 फीसदी के साथ चौथे और इंग्लैंड की टीम 42.19 फीसदी मैच जीतने के बाद पांचवें स्थान पर है। छठे स्थान पर बांग्लादेश है, जिसका जीत प्रतिशत 39.29 है। तो सातवें नंबर पर साउथ अफ्रीका, 8वें नंबर पर पाकिस्तान और वेस्टइंडीज 10वें स्थान पर है।

# 500 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों को 3 दिवस में बंद करायेः कलेक्टर

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 500 दिवस से अधिक की 9 लंबित शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारी तीन दिवस में शिकायतों का निराकरण/फोर्स क्लोज से बंद कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बताया कि आज सीएम हेल्पलाइन में सतना जिला पाचवें स्थान पर है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रतिदिन आधा घंटा कार्य करने से लंबित शिकायतों का निराकरण होगा। सीएम हेल्पलाइन को रोटिन वर्क में लाये। जिससे शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण हो सके। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस, 300 दिवस एवं 500 दिवस की लंबित शिकायतों की तहसीलवार, जनपदवार तथा विभागवार समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निराकरण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुसंजना जैन, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम एपी द्विवेदी, सुधीर बेक, राहुल सिलाडिया, जीतेन्द्र वर्मा, एलआर जांगडे सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी तहसीलों, जनपदों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की गतिविधियों को नियमित एवं प्रतिदिन आयोजित करने तथा की गई गतिविधियों को प्रतिदिन पोर्टल में अपलोड करने, व्यापक प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया, न्यूज पेपरों के माध्यम से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के कार्यों से प्रत्येक जनों को जोडने एवं ग्राम, शहर, तहसील एवं जनपद क्षेत्रों को साफ स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्वच्छता अभियान के कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के पूर्व एवं कार्य के उपरांत की फोटो पंचायत एवं डूडा के पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित पत्रकों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का निराकरण सहित दर्ज कर बंद कराये।

कलेक्टर ने ई-केवायसी के निराकरण, फसल गिरदावरी, स्वामित्व योजना, स्वच्छता सेवा मिशन, जल जीवन मिशन, खाद्यान्न आवंटन एवं वितरण, मोबाइल नम्बर सीडिंग एवं ई-केवायसी, हैण्डपंप स्थापना, नल जल योजना, पीएम आवास शहरी एवं ग्रामीण, भू-अर्जन, व्यवहारवाद शाखा के लंबित प्रकरणों की तहसीलवार, जनपदवार एवं विभागवार समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# सफाई अभियान में शामिल हुई प्रभारी मंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह सोमवार को अपने प्रवास के दौरान मैहर के घंटाघर से पुरानी सब्जी मंडी तक और सिविल अस्पताल में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल हुई। प्रभारी मंत्री ने श्रमदान में हिस्सा लेते हुए शहर के नागरिकों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों को उपहार स्वरूप डस्टबिन प्रदान करते हुए दुकानों का कचरा सड़कों पर नहीं फेंकने की समझाईश दी। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, कलेक्टर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, सीएमओ लालजी ताम्रकार, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, संतोष सोनी, नितिन ताम्रकार, विकास तिवारी सहित नगर पालिका सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने सभी करें प्रयासः राधा सिंह

# प्रभारी मंत्री ने मैहर में किया सफाई मित्रों का सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने कहा कि मैहर नवगठित जिला है। जिसके विकास के लिए असीमित संभावनाएं हैं। शहर और जिले के सभी नागरिक अपने मैहर को सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने में योगदान करें। प्रभारी मंत्री सोमवार को नगर पालिका परिषद के पर्यटक सूचना केंद्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र, एनजीओ, समाज सेवियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, सीएमओ लालजी ताम्रकार, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, संतोष तिवारी, नितिन ताम्रकार सहित गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निरंतर चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत सफाई मित्रों और सफाई कार्य में भागीदारी निभाने वाले गणमान्य नागरिकों को प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने पुष्पमाला, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए स्वच्छता किट भी प्रदान की। प्रभारी मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में पूरे राज्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 2 अक्टूबर तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि मां शारदा की पावन नगरी में यह कार्य निरंतर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों के साथ समाज के सहयोग से पखवाड़े के बाद भी स्वच्छता को स्वभाव और संस्कार में शामिल होने तक अभियान जारी रहे। उन्होंने कहा की पेनाल्टी लगाना कोई दंड नहीं बल्कि सबक है कि स्वयं ना तो गंदगी करें और ना ही किसी को करने दें।

जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि बीमारियों से दूर रहना है तो हमें स्वच्छता को अपनाना ही होगा। स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करें। अपने प्रदेश के ही स्वच्छ शहर इंदौर से प्रेरणा लेकर अपने शहर अपने जिले को स्वच्छता के पायदान में श्रेष्ठ स्थान पर लायें।

विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि मां शारदा की नगरी मैहर में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिले की प्रभारी मंत्री, जिला कलेक्टर एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता के लिए सहयोग कर सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाया है। साथ ही पूरे जिले को स्वच्छता का प्रेरणा संदेश भी दिया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह ने स्वच्छता के ओजस्वी नारों से सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सभी उपस्थित नगरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# ढाबे में बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप

## पीड़िता बोली- ट्रक वाले को सौंप रहे थे, बाउंड्री कूदकर भागी, अर्धनग्न-बदहवास हालत में मिली



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर में एक ढाबे में बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप किया गया। रविवार को वो अर्धनग्न और बदहवास हालत में अमदरा थाना क्षेत्र में मिली। युवती शनिवार (21 सितंबर) को सतना से लापता हुई थी। शुरुआती तफ्तीश और मेडिकल जांच के बाद गैंगरेप की पुष्टि हुई है। पीड़िता रविवार दोपहर जब कुसेड़ी स्थित उन्नयन केंद्र पहुंची तो वहां कृषि विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था। उसकी हालत देख कर जब वहां मौजूद लोगों ने पूछा तो युवती ने आपबीती बताई। युवती शनिवार को प्रदर्शनी देखने निकली थी। पुलिस ने दिनेश उर्फ गुड्डू, अर्जुन, विक्की और रज्जी को पकड़ा है। लड़की का आरोप है कि इन चारों ने उसके साथ गैंगरेप किया है।

**पीड़िता बोली- टॉयलेट के बहाने बाउंड्री कूदकर भागीः** युवती जब उन्नयन केंद्र पहुंची तो एक युवक उसका पीछा करते हुए आया, जबकि एक बाइक लेकर छिपा बैठा था। वहीं, युवती ने लोगों से बताया कि ढाबे में बंधक बनाकर उसके साथ 6 बार रेप किया गया। इसके बाद किसी ट्रक वाले को सौंपने की बात चल रही थी। ये बात सुनकर वह टॉयलेट के बहाने बाउंड्री वॉल कूद कर भाग निकली।

**पीछा कर रहे युवक ने अपनी मौसेरी बहन बतायाः** नदी के पास एक ऑटो रिक्शा मिला। जिसमें सवार लोग कुसेड़ी आ रहे थे, वही लोग यहां ले आए। पीछा करते हुए पहुंचे युवक की ओर इशारा करते हुए लोगों को बताया कि गलत काम करने वालों में वह भी शामिल था। इस दौरान वहां मौजूद बजरंग दल नेता महेश तिवारी ने बताया कि पूछने पर युवक ने युवती को मौसेरी बहन और मानसिक विक्षिप्त बताया।

**बाइक लेकर छिपे साथी को भी लोगों ने पकड़ाः** इसी दौरान मध्यांचल ग्रामीण बैंक के पास बाइक लेकर छिपे एक और युवक को कुछ लोगों को भेजकर पकड़वाया गया। उसे भी देखते ही युवती ने बताया कि इसने गलत काम किया है। इसकी जानकारी अमदरा टीआई संजय दुबे और सतना एसपी आशुतोष गुप्ता को दी गई। अमदरा पुलिस आई और युवती के साथ दोनों युवकों को ले गई।

**मां को लेकर देर रात पहुंची सिविल लाइन पुलिसः** सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक युवती की गुमशुदगी रविवार दोपहर ही दर्ज कराई गई थी। वह शनिवार को प्रदर्शनी देखने निकली थी। इस दौरान उसने किसी और के फोन के जरिए बताया था कि वह बस स्टैंड के पास है। लेकिन फिर लौट कर घर नहीं पहुंची। उसके कुसेड़ी में मिलने की जानकारी मिलने के बाद देर रात सिविल लाइन पुलिस युवती की मां को लेकर अमदरा पहुंची।

# कार्य में लापरवाही मिलने पर कलेक्टर ने एजेंसी पर लगाया जुर्माना



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल मैहर में चल रहे स्वच्छता अभियान के साथ ही परिसर में अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया गया। अस्पताल परिसर में बेतरतीब रखी गई गुमटी और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशानुसार अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स एजेंसी तथा सुरक्षा गार्ड ठेकेदार को कार्य में लापरवाही बरतने और निर्देशों का पालन नहीं करने पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाने की कार्यवाही की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, बीएमओ सह अधीक्षक डॉ. बीके गौतम भी उपस्थित रहे।

# संभागीय बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंः कमिश्नर

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय बैठक के एजेण्डा बिंदुओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि 25 सितम्बर को अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय संभागीय बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी पालन प्रतिवेदन को ऑनलाइन अपडेट करा दें। निर्माण कार्यों के संबंध में अद्यतन स्थिति तथा पूरा होने की तिथि का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। शासन स्तर को स्वीकृति के लिए भेजे गए प्रस्तावों का लगातार फालोअप करके उन्हें स्वीकृति दिलाएं। संभागीय बैठक में 25 सितम्बर को सिंगरौली जिले के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होंगे। शेष सभी अधिकारी कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष में उपस्थित रहेंगे। सभी अधिकारी विभागीय कार्यों और योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी भी प्रस्तुत करें जिससे इनका समुचित प्रचार-प्रसार किया जा सके।

बैठक में कमिश्नर ने एजेण्डावार बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सीधी जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की 12 सड़कों को पूरा कराने का सुझाव दिया गया था। इनमें से 6 का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष का निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूरा कराएं। सिंगरौली जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रस्तावित विभिन्न सड़कों में स्वीकृति के अनुसार कार्य शुरू कराएं। सतना जिले की बाणसागर समूह नलजल योजना का कार्य मार्च 2025 तक पूरा कराने के लिए कलेक्टर इसकी नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर सीधी गुलाब सागर परियोजना की भूअर्जन की राशि का दो दिवस में भुगतान कराएं। गोड़ सिंचाई परियोजना के लिए संजय टाईगर रिजर्व तथा वन विभाग को दी जाने वाली भूमि कलेक्टर सिंगरौली हस्तांतरित कराएं। परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के प्रयास करें।

बैठक में कमिश्नर ने सिंगरौली जिले की बैढ़न समूह नलजल योजना, चितरंगी महाविद्यालय में नए संकाय शुरू करने तथा निराश्रित गौवंश को व्यवस्थित करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बरगी परियोजना में निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल में अभी 1129 मीटर में निर्माण कार्य शेष है। इसे दिसम्बर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। संभाग के सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में अनुसूचित जाति, जनजाति विद्यार्थियों के लिए दो छात्रावास भवनों के निर्माण का प्रस्ताव ट्राईबल विभाग को भेजा गया है। विश्वविद्यालय द्वारा इसके लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है। मैहर एवं मऊगंज जिले में पुनर्घनत्वीकरण योजना से हाउसिंग बोर्ड द्वारा कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के प्रस्ताव साधिकार समिति में प्रस्तुत किए गए हैं। बैठक में संभागीय बैठक के सभी एजेण्डा बिंदुओं पर समीक्षा की गई। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर कार्यालय सभागार से वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे, जिला आपूर्ति नियंत्रक तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले एवं सभी संभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# अन्तर्राष्ट्रीय साईन लैंग्वेज दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** दिव्यांगजन श्रवणबाधित के अधिकार और कल्याण को बढावा देने के उद्देश्य से सोमवार को उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय के सभाकक्ष में उप संचालक एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री सौरभ सिंह की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय साईन लैंग्वेज दिवस का आयोजन किया गया। श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार अधिकार और सुविधाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सौरभ सिंह ने कहा कि आज के दिन 23 सितंबर को रात-दिन एक समान होते है। इसी प्रकार दिव्यांगजन एवं सामान्य जन एक समान होना चाहिए। सभी व्यक्ति एक समान सोच रखे और दिव्यांगजनों के कल्याण/उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। दिव्यांगजन समाज की मुख्य धारा से जुडे, हर मुकाम को प्राप्त करे, ऐसे प्रयास हम सभी को करना चाहिए। इस मौके पर जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार सिंह, स्नेह सदन विशेष विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर किरण, प्रेम सदन विशेष विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर मारिया, मोतीलाल साकेत, उमाशंकर गौतम, रामप्रताप चौधरी, सत्यदेव नापित भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मनोचिकित्सक बीडीआरसी पुण्यवती गुप्ता द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य साईन लैंग्वेज दिवस क्यों और कैसे मनाना चाहिए। इस संबंध की विस्तृत जानकारी दी गई। फिजियो थेरापिस्ट डॉ. अमर सिंह चंदेल ने सेमीनार का उद्देश्य योजना कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा की एक्सपर्ट मैडम चेतना सिंह द्वारा उपस्थित दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्नेह सदन एवं प्रेम सदन के शिक्षक-शिक्षिकायें तथा छात्र-छात्रायें बडी संख्या में उपस्थित रही।

कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी ने कहा कि किसी भी छात्र-छात्राओं में क्षमता की कमी नहीं है। भविष्य में ऐसे प्रयास फलदायी सिद्ध होंगे। कार्यशाला का संचालन सेवा निवृत्त मुख्य कलाकार देवेन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यशाला में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा दिव्यांगजन उपस्थित थे।

## नागरिकों की सुविधा के लिए अधोसंरचनाओं में किया जा रहा है निरंतर और सुनियोजित विस्तारः उप मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा क्षेत्र का विकास तीव्र गति से हो रहा है, जिससे अधोसंरचनाओं पर दबाव बढ़ रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए अधोसंरचनाओं में निरंतर और सुनियोजित विस्तार किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय में विंध्य क्षेत्र में एमपीआरडीसी के वृहद सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर समय सीमा में पूर्ण करें।

**रीवा बायपास फोर-लेन मार्ग निर्माण कार्य नवम्बर से होगा प्रारंभः** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोर-लेन, सीधी-सिंगरौली फोर-लेन, शहडोल-उमरिया टू-लेन, और रीवा-ब्यौहारी-टेटका मोड़-शहडोल मार्ग की प्रगति की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्य संचालन के लिए आवश्यक स्वीकृतियों और अनुमतियों की कार्रवाई शीघ्रता से पूरी की जाए। बताया गया कि रीवा बायपास फोर-लेन मार्ग के लिए आरओडब्ल्यू (राइट ऑफवे) की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और नवम्बर माह में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली मार्ग में निर्माणाधीन गोपद पुल को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। रीवा-ब्यौहारी मार्ग के 18 किमी खंड में वन विभाग की स्वीकृति लंबित है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी वन विभाग की सक्षम स्वीकृति के लिए समस्त औपचारिकताएं प्राथमिकता से पूर्ण करायें। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी अविनाश लवानिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि यंत्रों के अनुदान हेतु आवेदन 29 तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु आवेदन पत्र 29 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्राप्त आवेदनों पर 30 सितंबर 2024 को लाटरी संपादित की जायेगी। सहायक कृषि यंत्री एचपी गौतम ने बताया कि आवेदन के साथ किसान को डिमांड ड्राफ्ट बनवाकर जमा करना होगा। कृषि यंत्र रीपर कम बाइंडर ट्रेक्टर चलित लक्ष्य 9, रीपर बाइंडर स्वचलित लक्ष्य 14, वीपर (ट्रेक्टर चलित/स्वचलित) लक्ष्य 10, रोटोकल्टीवेटर का लक्ष्य 16, मल्टीक्राप थ्रेसर/ एक्सियल फ्लो पैडी थ्रेसर लक्ष्य 14, थ्रेसर/मल्चर लक्ष्य 7 एवं धरोहर राशि 5 हजार रूपये तथा विनोविंग फेन (ट्रेक्टर/मोटर चलित) का लक्ष्य 16 एवं धरोहर राशि 2 हजार रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। इसी प्रकार मांग अनुसार कृषि यंत्र न्यूमेटिक प्लांटर, हैप्पी सीडर/सुपर सीडर, हेरेक/स्ट्रारेक, बेलर एवं हाइड्रालिक प्रेस स्ट्रा बेलर (ट्रेक्टर चलित) की धरोहर राशि 5 हजार रूपये की राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। कृषक को स्वयं के बैंक खाते से धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम बनवाकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 9926920636 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा सुपरवाइजर पद की भर्ती के लिये सतना एवं मैहर जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 23 सितंबर से 4 अक्टूबर 2024 तक सतना एवं मैहर जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस सिंगरौली में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।